
www.tamsasanket.com
वर्षः 29 || अंक 147 || अम्बेडकरनगर
मंगलवार
18 अगस्त 2026 || पृष्ठः 08 || मूल्यः ₹2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
https://epaper.tamsasanket.com

# दैनिक तमसा संकेत

अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित
» डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

मौसम
सूर्योदयः 05:38
सूर्यास्तः 06:41
अधिकतमः 31°00
न्यूनतमः 27°00



» पेज 07

विशेष समाचार | अल्पसंख्यकों की असुरक्षा ... » पेज 04 | इटावा में मां-बेटी की गला ... » पेज 06 | तीसरे दिन आवारापन 2 के ...

## बीजेपी की नई टीम में यूपी के 8 चेहरे, 2-मुस्लिम सबसे ज्यादा तीन महिलाएं, बासित अली राष्ट्रीय अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष बने

भाजपा की नई राष्ट्रीय टीम में कई महिला नेताओं को अहम संगठनात्मक जिम्मेदारियां दी गई हैं। इनमें राष्ट्रीय उपाध्यक्ष से लेकर राष्ट्रीय महासचिव, सचिव और मोर्चा व सोशल मीडिया से जुड़े पद शामिल हैं।



## भाजपा की नई टीम में सिर्फ 18% महिलाएं 65 सदस्यों में 51 नए चेहरे

### वसुंधरा सबसे उम्रदराज, युवा मोर्चा अध्यक्ष से 38 साल बड़ी

नई टीम में 14 पुराने चेहरों को दोबारा जगह मिली है, जबकि 51 नए चेहरे शामिल किए गए हैं। यानी 65 सदस्यों वाली टीम में करीब 78.5% नए चेहरे हैं। इससे साफ है कि संगठन में बड़े स्तर पर बदलाव किया गया है, हालांकि कुछ अनुभवी नेताओं को भी बरकरार रखा गया है।

### क्षेत्रीय समीकरण पर भी साधे गए

पूर्वांचल से संगीता यादव, हरीश द्विवेदी, अमरपाल मौर्य को जगह मिली है। पश्चिमी यूपी से प्रो. तारिक मंसूर, कुंवर बासित अली और भोला सिंह को संगठन में काम करने का मौका मिला है। जबकि रूहेलखंड से रेखा वर्मा, यूपी मध्य से स्मृति ईरानी को जगह देकर यूपी को साधा गया है। 7 महीने पहले नितिन नवीन भाजपा के अध्यक्ष बने थे, तब से राष्ट्रीय टीम का गठन पेंडिग था।

## सुप्रीम कोर्ट बोला- सीबीआई को जांच के लिए आदेश क्यों चाहिए

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी को आय से अधिक संपत्ति मामले में राहत दी है। कोर्ट ने सोमवार को इस मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट की सुनवाई पर रोक लगा दी है। CBI और ED को भी निर्देश दिया कि वे हाईकोर्ट में कोई रिपोर्ट दाखिल न करें।

सुनवाई के दौरान एडिशनल सॉलिसिटर जनरल (ASG) एसवी राजू ने कहा कि आरोप गंभीर हैं। CBI अभी सिर्फ एक शिकायत की जांच कर रही है। बेंच ने पूछा कि अगर मामला इतना गंभीर है, तो CBI-ED को जांच के लिए कोर्ट के आदेश का इंतजार क्यों करना पड़ रहा है। राहुल ने सुप्रीम कोर्ट में हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें CBI और ED को आरोपों की जांच कर रिपोर्ट देने को कहा गया था। राहुल ने मामले की सुनवाई किसी दूसरे हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट में ट्रांसफर करने की मांग भी की है।

## 'युवा शक्ति को बर्बाद कर रहा माफिया तंत्र'

### गोरखपुर में सीएम योगी का विपक्ष पर तीखा हमला

समारोह

हेमन्त कृष्णा



■ सीएम बोले- देश के लिए मेडल जीतने वाले को नौकरी, सरकार ने 500 खिलाड़ियों को नौकरी दी, गोरखनाथ मंदिर में दंगल देखा

तमसा संकेत, लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने माफिया तंत्र, नशे की लत और विपक्ष की राजनीति पर हमला बोला. इस दौरान उन्होंने माफिया संस्कृति को युवाओं का सबसे बड़ा दुश्मन करार दिया. सीएम योगी ने युवाओं को खेलों से जुड़ने और सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने का भी संदेश दिया. सीएम योगी गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर परिसर में आयोजित प्रदेश स्तरीय सीनियर प्राइजमनी पुरुष कुश्ती प्रतियोगिता के समापन समारोह में पहुंचे थे. यहां उन्होंने पूर्ववर्ती सरकारों और विपक्ष पर निशाना साधा. मुख्यमंत्री ने कहा, 'उस समय की सरकारों के एजेंडे में खेल नहीं था, युवा नहीं था.

>> (शेष पेज 06 पर)

### तीन पूर्व सीएम, 18 सांसद और 10 महिलाएं, 2029 के लिए बीजेपी की 'पावर टीम' तैयार


# नितिन की 'नवीन' टीम का ऐलान

घोषणा

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने सोमवार दोपहर 3 बजे राष्ट्रीय टीम का ऐलान कर दिया। इसमें यूपी का दबदबा दिखा। प्रदेश के 8 नेताओं को नितिन नवीन ने अपनी टीम में जगह दी है। ओबीसी और अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष यूपी से हैं। अगले साल यूपी में विधानसभा चुनाव होने हैं। इसलिए पार्टी ने चुनाव को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय टीम बनाई है। अन्य राज्यों की तुलना में सबसे ज्यादा तीन महिलाएं स्मृति ईरानी, रेखा वर्मा और संगीता यादव यूपी से हैं। पसमांदा मुस्लिम वर्ग से दो नेताओं को राष्ट्रीय संगठन में जगह मिली है। इनमें अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति डॉक्टर तारिक मंसूर और अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर बासित अली शामिल हैं। तारिक मंसूर को दोबारा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है।

>> (शेष पेज 06 पर)



नितिन नवीन की टीम में अमित मालवीय नहीं, बीजेपी के नए सोशल मीडिया हेड दीपक म्हस्के बने

### नितिन नवीन की टीम में सबसे ज्यादा यूपी से 3 महिलाएं

BJP अध्यक्ष नितिन नवीन की नई राष्ट्रीय टीम में 12 महिलाओं को जिम्मेदारी दी गई है। इनमें महामंत्री स्मृति ईरानी, उपाध्यक्ष रेखा वर्मा और राष्ट्रीय मंत्री संगीता यादव शामिल हैं। यानी सबसे ज्यादा प्रतिनिधित्व उत्तर प्रदेश की 3 महिलाओं का है, जबकि महाराष्ट्र की 2 और बाकी राज्यों की 1-1 महिला हैं।

### सभी मोर्चों के अध्यक्ष हटे, कुल 29 चेहरे ड्रॉप

पिछली टीम के 29 चेहरों को नई राष्ट्रीय टीम में जगह नहीं मिली है। इनमें राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, महासचिव, सचिव और कोषाध्यक्ष जैसे प्रमुख संगठनात्मक पदों पर रहे नेता भी शामिल हैं। इसके अलावा मोर्चा, कार्यालय और मीडिया से जुड़े कुछ पुराने पदाधिकारियों को भी नई टीम में जगह नहीं दी गई।



### नितिन 209 दिन पहले भाजपा अध्यक्ष बने थे

नितिन नवीन 209 दिन पहले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने थे। उन्होंने जेपी नड्डा की जगह संभाली थी। उन्हें निर्विरोध चुना गया था। नितिन नवीन 45 साल की उम्र में भाजपा के सबसे युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष बने।

# एटीएस ने मेरठ से संदिग्ध आतंकी को पकड़ा गया

### 4 साल पहले मौलवी की डिग्री ली, मदरसे के नाम पर चंदा जुटाकर पाकिस्तान भेजे

तमसा संकेत, एजेंसी

मेरठ। यूपी ATS ने पाकिस्तानी आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े संदिग्ध आतंकी मोहम्मद जफर को पकड़ा है। ये गिरफ्तारी रविवार को मेरठ की एक मस्जिद से हुई। 24 साल का जफर बिहार के पूर्णिया का रहने वाला है। मेरठ के एक मदरसे में 2022 में मौलवी की डिग्री ली थी। अभी दो महीने पहले ही ये मेरठ आया था। ATS ने सोमवार को प्रेस नोट जारी किया। आरोप है कि वह मदरसे के नाम पर लोगों से चंदा जुटाकर उसकी रकम पाकिस्तान में आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद तक भेजता था।

>> (शेष पेज 06 पर)



जफर के खिलाफ एटीएस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। जांच एजेंसी उसके सोशल मीडिया अकाउंट, मोबाइल से मिले चैट और पाकिस्तान से जुड़े संपर्कों की पड़ताल कर रही है।

### मसूद अजहर के भाषणों से प्रभावित हुआ

ATS के मुताबिक, जफर जैश-ए-मोहम्मद प्रमुख मसूद अजहर के भाषणों से प्रभावित था। वह उसके भड़काऊ और जेहादी भाषण शेयर कर लोगों को हिंसक जेहाद के लिए उकसाता था। जांच के दौरान उसके सोशल मीडिया अकाउंट से ऐसी गतिविधियों मिलीं। फेसबुक पर वह चेहरा ढककर जेहाद और खिलाफत से जुड़े बयान भी पोस्ट करता था। जफर के मोबाइल में मिले पाकिस्तान के जो जेहादी वॉट्सएप ग्रुप मिले हैं, इनमें जेहाद और चंदे से संबंधित बातें होती थी। जफर जैश-ए-मोहम्मद के इस जेहादी ग्रुप से जुड़ा और पाकिस्तानी हैंडलर के संपर्क में आया। उसने हैंडलर से जेहाद में मदद करने की पेशकश भी की थी।

फास्ट न्यूज

### महबूबा मुफ्ती बोली- मैं भी दिमागी नक्सल

नई दिल्ली। पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने भी प्रधानमंत्री मोदी की 'दिमागी नक्सल' वाली टिप्पणी पर जवाब दिया। उन्होंने रविवार को कहा कि वह संविधान के आर्टिकल 370 का समर्थन करती हैं, इसलिए वह भी दिमागी नक्सल हैं।

हलचल | परेशानी

### उज्जैन के नागचंद्रेश्वर मंदिर में भगदड़ जैसे हालात

उज्जैन । उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर परिसर में सोमवार को भगदड़ जैसे हालात बन गए। बताया जा रहा है कि यहां करंट फैलने की अफवाह उड़ी थी। इसके चलते लोग बैरिकेड्स हटाकर भागने लगे। इस कोशिश में कुछ लोग दूसरों के ऊपर गिर गए। अफरा-तफरी में 13 लोगों को चोट आई। उज्जैन जिला अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद 3 को छोड़कर सभी को डिस्चार्ज कर दिया गया। घायलों ने भीड़ प्रबंधन में लापरवाही और मदद मिलने में देरी का आरोप लगाया।

### बंगाल में बीरभूम के होटल में आग, 8 की मौत

बीरभूम । पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में तारापीठ मंदिर के पास एक होटल में आग लगने से 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 9 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगने की आशंका है। घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया है।

## बांकुरा पहुंची सीजेपी की टीम बंगाल सरकार को अल्टीमेटम

### कहा- कार्यकर्ता के पिता को मारने वाले गिरफ्तार हों

टकराव

तमसा संकेत, एजेंसी

मुंबई। कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) की एक टीम सोमवार को पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा पहुंची। जहां वे कार्यकर्ता शेख अब्दुल हफीज के घर गए। अब्दुल के पिता मफीक पर कुछ लोगों ने 13 अगस्त को हमला कर दिया था। 2 दिन बाद उनकी मौत हो गई थी।

पीड़ित परिवार का आरोप है कि मफीक 13 अगस्त को अपने गांव करिसुंडा के सरकारी स्कूल में CJP के 'स्कूल ठीक करो' अभियान में शामिल हुए थे। उन्होंने स्कूल की बदहाली का वीडियो बनाया था। उसी शाम हथियारबंद लोगों ने घर में घुसकर उन्हें पीटा था। बांकुड़ा के इंदस इलाके के करिसुंड गांव पहुंची CJP नेता आशुतोष रांका ने कहा कि हम बंगाल सरकार को 10 दिन का समय दे रहे हैं। इस दौरान सभी आरोपी गिरफ्तार हों। CJP का आरोप है कि हमलावरों ने उनसे माफी मांगते हुए वीडियो रिकॉर्ड करने को कहा था।

>> (शेष पेज 06 पर)



■ सीजेपी बोली- परिवार को आर्थिक मदद देंगे पुलिस का दावा- 8 गिरफ्तार

### सरकार के आर्थिक सलाहकार बोले- ई10 पेट्रोल फिर शुरू हो फ्यूल में 30% एथेनॉल मिलाया तो खाद्य संकट संभव

# 'ई20 से गाड़ियों को नुकसान'

आरोप

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन (CEA) का कहना है कि E20 पेट्रोल से गाड़ियों में नुकसान हो रहा है। पुराने टू-व्हीलर्स के लिए E10 पेट्रोल की बिक्री फिर से शुरू की जानी चाहिए।

नागेश्वरन ने 'द इंडियन एक्सप्रेस' में लिखे अपने आर्टिकल में कहा कि भारत ने पेट्रोल में एथेनॉल मिलाने का लक्ष्य समय से पहले हासिल करके अरबों रुपए तो बचा लिए, लेकिन अब नया संकट खड़ा हो रहा है। सरकार का दावा है कि पेट्रोल में एथनॉल मिलाने से कच्चे तेल के इम्पोर्ट में कमी आई है। इससे अरबों रुपए की बचत हुई है। एथेनॉल की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए गन्ना, मक्का और चावल जैसी खाद्य फसलों को बड़े पैमाने पर एथेनॉल फैक्ट्रियों में भेजा जा रहा है। अगर एथेनॉल बनाने वाली कंपनियां ज्यादा दाम देकर मक्का खरीदने लगेंगी, तो पोल्ट्री और डेयरी इंडस्ट्री के लिए चारा महंगा हो जाएगा। नतीजा यह होगा कि अंडे, चिकन और दूध के दाम बढ़ेंगे, जिससे सीधे तौर पर खाद्य महंगाई को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही, एथेनॉल बनाने के चक्कर में देश का जलस्तर भी तेजी से गिर रहा है।

>> (शेष पेज 06 पर)




### नागेश्वरन बोले- 8 करोड़ गाड़ियों को ई20 पेट्रोल से खतरा

वी अनंत नागेश्वरन के मुताबिक देश में इस समय करीब 8 करोड़ पुराने बाइक-स्कूटर दौड़ रहे हैं। ये पुरानी 'कार्बोरेटर' तकनीक पर चलते हैं, जो BS-IV इंजन नियमों के आने से पहले बनती थीं।

### एथेनॉल से चीनी और पानी का संकट

पेट्रोल में एथेनॉल मिलाने का असर अब रसोई के बजट और पानी पर भी दिखने लगा है। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, इस सीजन में देश के कुल सालाना उत्पादन की करीब 10% (लगभग 30 लाख टन) चीनी को एथेनॉल बनाने में इस्तेमाल कर लिया गया। इसी वजह से अब सरकार आने वाले सीजन में एथेनॉल के लिए गन्ने के इस्तेमाल पर रोक लगाने की सोच रही है, ताकि देश में चीनी की कमी न हो और इसके दाम बेकाबू न हों।

**चुनौती :** रूढ़ा गांव में घर के भीतर मिला था इंद्रा देवी का शव ■ मुंह में कपड़ा था

# आईपीएस की मां की मौत की गुत्थी और उलझी

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अंबेडकरनगर। मालीपुर थाना क्षेत्र के रूढ़ा गांव में आईपीएस अधिकारी आशुतोष मिश्र की मां इंद्रा देवी की मौत का मामला दूसरे दिन भी पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ है। घर के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने और आभूषण गायब होने के बाद हत्या व लूट का मुकदमा दर्ज किया गया है। घटना के 24 घंटे बाद भी पुलिस किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है। न आरोपी का पता चला है और न ही गिरफ्तारी की जानकारी सामने आई है। मामले की जांच के लिए स्वॉट, एसओजी, सर्विलांस और स्थानीय थानों की पुलिस को लगाया गया है। पुलिस घटनास्थल के आसपास के सीसी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। धवरुआ बाजार में लगे कैमरों की रिकॉर्डिंग भी जांच के दायरे में है। इसके अलावा घटना के समय आसपास सक्रिय रहे लोगों और संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी जुटाई जा रही है।

>> (शेष पेज 06 पर)

### स्वतंत्रता दिवस पर बेटे के साथ थीं, रात में हुई फोन पर बात



रूढ़ा गांव निवासी इंद्रा देवी गजाधर नाथ मर्यादा इंटर कॉलेज की प्रबंधक थीं। उनके बेटे आशुतोष मिश्र वर्तमान में लखनऊ में पुलिस आवास निर्माण प्रभारी के पद पर कार्यरत हैं। स्वतंत्रता दिवस पर आशुतोष मिश्र अपनी मां के साथ कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने गांव आए थे। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद वह शनिवार देर शाम लखनऊ लौट गए थे।



घटना के खुलासे के लिए पुलिस ने जांच का दायरा बढ़ाया है। स्वॉट और एसओजी की टीम अलग-अलग बिंदुओं पर जानकारी जुटा रही है। सर्विलांस टीम घटना के समय और उससे पहले-पीछे की गतिविधियों का विश्लेषण कर रही है।

### पोस्टमार्टम से भी नहीं खुला मौत का राज

इंद्रा देवी की मौत को लेकर जांच का सबसे अहम सवाल अभी भी अनसुलझा है। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह के अनुसार, तीन चिकित्सकों के पैनल ने वीडियोग्राफी के साथ पोस्टमार्टम किया। इसके बावजूद मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका।

चिकित्सकों ने आगे की जांच के लिए विसरा सुरक्षित किया है। हार्ट अटैक की संभावना की जांच के लिए हृदय को भी परीक्षण के लिए भेजा जाएगा। रिपोर्ट आने के बाद मौत की वजह को लेकर स्थिति स्पष्ट होने की उम्मीद है।

पुलिस ने हत्या और लूट का मुकदमा दर्ज किया है। एसपी के मुताबिक मामले की जांच सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर की जा रही है।

# 326 सांसदों, 14 राज्यों के सीएम पर आपराधिक केस

### लोकसभा के 251 और राज्यसभा के 75 सदस्यों पर मामले

मुकदमा

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को पेश राजनीति के अपराधीकरण पर पेश रिपोर्ट के मुताबिक, लोकसभा के 543 में से 251 सदस्यों पर आपराधिक मामले हैं। राज्यसभा के 233 में से 75 सदस्यों के खिलाफ भी मामले दर्ज हैं।

सुप्रीम कोर्ट में दाखिल एफिडेविट के मुताबिक, सांसदों और विधायकों के खिलाफ 4 हजार से ज्यादा आपराधिक मामले लंबित हैं। 28 राज्यों में से 14 राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने भी अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं, जिनमें गंभीर मामले भी शामिल हैं।



■ तेलंगाना सीएम पर 89 मामले
■ लोकसभा के 170 मामले गंभीर

यह एफिडेविट वरिष्ठ वकील विजय हंसारिया ने दाखिल किया है। वे सांसदों और विधायकों के खिलाफ आपराधिक मामलों का जल्द निपटारा कराने की मांग वाली जनहित याचिका में कोर्ट की मदद कर रहे हैं।

>> (शेष पेज 06 पर)

## कारें-बाइकें डूबीं, एनडीआरएफ ने नावों से लोगों को रेस्क्यू किया, 25 शहरों में बारिश, 75 में अलर्ट

# प्रयागराज के घरों में 3-3 फीट पानी भरा

अलर्ट

तमसा संकेत, एजेंसी



लखनऊ/वाराणसी/प्रयागराज। मानसून ने फिर से पूरे यूपी को कवर कर लिया है। सोमवार सुबह से लखनऊ, कानपुर, वाराणसी और प्रयागराज समेत 25 शहरों में रुक-रुक कर बारिश हो रही है। आसमान में काले बादल छाए होने की वजह से सुबह भी अंधेरा छाया रहा।

प्रयागराज में देर रात से हो रही बारिश से हालात बिगड़ गए हैं। करेली इलाके की कॉलोनियों और गलियों में 3-4 फीट तक पानी भर गया है। कारें और बाइकें डूब गई हैं। लोग पहली मंजिल पर रहने को मजबूर हैं। गलियों में नावें चल रही हैं। पुलिस और NDRF की टीम लोगों को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा रही है। लखनऊ में 6 घंटे से रुक-रुक कर हो रही तेज बारिश की वजह से कई इलाकों में सड़कें और गलियां जलमग्न हो गई हैं। यहां रविवार को इस सीजन में एक दिन में सबसे ज्यादा 40.9 मिमी बारिश दर्ज की गई थी। आज प्रदेश के सभी 75 जिलों में बारिश का अलर्ट है। सीतापुर, हरदोई और रायबरेली में स्कूलों की छुट्टी कर दी गई है।

इधर, यूपी में गंगा-यमुना समेत 10 से ज्यादा नदियां उफान पर हैं। कानपुर-उन्नाव में गंगा किनारे बसे इलाके जलमग्न हो गए हैं। 500 से ज्यादा घरों में पानी घुस गया है। सड़कों और गलियों में नावें चल रही हैं। लोग छतों पर जिंदगी काटने को मजबूर हैं।

**लखनऊ के मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में बना कम दबाव का क्षेत्र झारखंड और उत्तरी छत्तीसगढ़ के ऊपर से गुजर रहा है। जैसे-जैसे यह आगे बढ़ रहा है, कमजोर पड़ता जा रहा है। हालांकि, इसके प्रभाव से उत्तर भारत में मानसून एक बार फिर मजबूत होता जाएगा। इसका असर उत्तर प्रदेश में भी देखने को मिल रहा है। अच्छी बारिश हो रही है। अगले 3 दिन मौसम ऐसा ही रहेगा।**



प्रयागराज के करेली इलाके में बारिश के कारण भारी जलभराव हो गया है। पुलिस और एनडीआरएफ की टीम लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा रही है।

### वाराणसी में अस्सी घाट का आरती स्थल डूबा, नाव संचालन बंद

वाराणसी में गंगा का जलस्तर 2 सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा है। हालांकि, अभी जलस्तर चेतावनी बिंदु से करीब 5 मीटर नीचे है। बढ़ते जलस्तर को देखते हुए जल पुलिस ने नावों का संचालन बंद कर दिया है। अस्सी घाट पर आरती स्थल तक पानी पहुंच गया है। यहां अब नावें खड़ी दिखाई दे रही हैं।

### 3 बच्चों की तालाब में डूबकर मौत

गोरखपुर में घर से करीब 100 मीटर दूर तालाब में नहाने गए 3 बच्चे डूब गए। ग्रामीणों ने तालाब से तीनों को निकाला। हॉस्पिटल ले गए, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद तीनों को मृत बताया। घटना बांसगांव के बदौली बाबू में सोमवार सुबह 10 बजे की है।

मृतकों में सचिन पुत्र भजुराम, अनुज पुत्र सत्य प्रकाश और हरीश पुत्र राधेश्याम हैं। 14 साल का सचिन क्लास-6 में पढ़ता था। उसका एक भाई है। पिता मजदूरी करते हैं।

## लोधेश्वर महादेवा धाम में पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी ने कराया भव्य भंडारा

तमसा संकेत, संवाददाता



सूरतगंज (बाराबंकी)। पावन श्रावण मास के तीसरे सोमवार को प्रसिद्ध लोधेश्वर महादेवा मंदिर में श्रद्धा और भक्ति का माहौल देखने को मिला। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर जलाभिषेक किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी की ओर से श्रद्धालुओं के लिए भव्य भंडारे का आयोजन कराया गया।

भंडारे में दूर-दराज से महादेवा धाम पहुंचे शिवभक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं की सेवा में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक जुटे रहे। श्रद्धालुओं को प्रेमपूर्वक भोजन एवं प्रसाद वितरित किया गया। भंडारे में काफी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर भगवान शिव का आशीर्वाद लिया। श्रावण मास के तीसरे सोमवार के चलते सुबह से ही महादेवा धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से मंदिर परिसर और आसपास का क्षेत्र भक्तिमय बना रहा। कांवड़ियों और शिवभक्तों ने कतारबद्ध होकर भगवान लोधेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया। पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी ने कहा कि भगवान भोलेनाथ की सेवा और श्रद्धालुओं की सेवा करना सौभाग्य की बात है। श्रावण मास में महादेवा आने वाले शिवभक्तों को किसी प्रकार की परेशानी न हो और उन्हें प्रसाद उपलब्ध कराया जा सके, इसी उद्देश्य से भंडारे का आयोजन किया गया। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को श्रावण मास और तीसरे सोमवार की शुभकामनाएं दीं। भंडारे के दौरान व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्यकर्ता लगातार सक्रिय रहे। श्रद्धालुओं को बैठाकर प्रसाद ग्रहण कराया गया और बाद में साफ-सफाई का भी विशेष ध्यान रखा गया।

फास्ट न्यूज

### बाराबंकी में लगती है जहरीले सांपों की अदालत

बाराबंकी । बाराबंकी में एक प्राचीन नाग देवता मंदिर स्थित है, जहां नाग पंचमी पर हजारों श्रद्धालु जुटते हैं। जिला मुख्यालय से लगभग 7 किलोमीटर दूर मंजीठा गांव में स्थित यह मंदिर अपनी अनूठी मान्यताओं के लिए आसपास के जिलों में भी प्रसिद्ध है। स्थानीय लोगों का मानना है कि यह मंदिर सैकड़ों वर्ष पुराना है और यहां जहरीले सांपों की 'अदालत' लगती है।

### डिप्रेशन में रातभर नहीं सोए, फिर कूदकर जान दी गोरखपुर में ठग गरिमा सिंह पर छठा केस

गोरखपुर । गोरखपुर में डॉक्टरों, अफसरों और टीचर से करीब 10 करोड़ की ठगी करने वाली महिला और उसके पिता पर छठी FIR हुई है। इसी बीच 1.40 करोड़ की ठगी के बाद डिप्रेशन में चल रहे डॉक्टर के सुसाइड केस में एक और खुलासा हुआ है। पुलिस की जांच में सामने आया कि डॉ. परमात्मा सिंह के घर 12 अगस्त की शाम चोलामंडल फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी रिकवरी करने पहुंचे थे। परिजनों का आरोप है कि कर्मचारियों ने डॉक्टर के 12 साल के बेटे से जबरन एक कागज पर सिग्नेचर कराया।

### बारिश में कच्ची दीवार गिरने से महिला की मौत

देवा (नवाबगंज)। बाराबंकी के देवा थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर गांव में सोमवार को भारी बारिश के दौरान कच्ची दीवार गिरने से 68 वर्षीय महिला की मौत हो गई। हादसे में महिला दीवार के मलबे की चपेट में आ गईं। मृतका की पहचान राजेश्वरी पत्नी परमेश्वर के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि बारिश के दौरान अचानक कच्ची दीवार भरभराकर गिर गई।

## घाघरा नदी उफान पर कई गांव बाढ़ की चपेट में

### सुंदरनगर के ग्रामीणों ने घर छोड़ बंधे पर डाला डेरा

तमसा संकेत, संवाददाता



सूरतगंज (बाराबंकी)। ब्लॉक क्षेत्र के हेतमापुर इलाके में घाघरा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ने से बाढ़ का खतरा गहराता जा रहा है। नदी के उफान पर होने के कारण किनारे बसे कई गांवों के निचले हिस्सों में बाढ़ का पानी पहुंच गया है। सुंदरनगर, कोड़री, ललपुरवा, बाबापुरवा, बलईपुर, सकतापुर, कोयली पुरवा, मदरहा, बेलाहरी समेत कई गांव बाढ़ के पानी से प्रभावित बताए जा रहे हैं। पानी बढ़ने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है और लोग अपने परिवार तथा मवेशियों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। ऐसे में प्रशासन ने राहत शिविर, भोजन, पीने का पानी, दवाएं और अन्य जरूरी सामान की व्यवस्था सुचारू रूप से शुरू कर दी है। ऐसे में सबसे अधिक परेशानी सुंदरनगर गांव के ग्रामीणों को उठानी पड़ रही है। गांव के कई घरों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर जाने के बाद ग्रामीण जरूरी सामान निकालकर सुरक्षित स्थानों की ओर जाने लगे हैं। अनेक परिवारों ने घरेलू सामान, बच्चों और बुजुर्गों के साथ पशुओं को लेकर बंधे पर डेरा डाल दिया है। ग्रामीण मोहम्मद अहमद, मोहम्मद आलम, संजय, शेखर राजपूत, शेषकुमार, केशवराम, शिवांशु, जनकलाल, बंटू, इंशान अली, बाजपेई, चेतई बाबा, रामसहारे, दीपू, संजय, कुंवारे चौहान समेत अन्य ग्रामीणों ने बताया कि पानी लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में घरों में रहना मुश्किल होता जा रहा है।

# भाजपा सरकार में स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल

## महंगाई और भ्रष्टाचार से जनता परेशान : अखिलेश यादव

- किसानों और नौजवानों से मिले अखिलेश यादव
- स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर सरकार पर निशाना

तमसा संकेत, संवाददाता



लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर स्वास्थ्य सेवाओं और किसान हितों की अनदेखी का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा राज में स्वास्थ्य व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई है और किसान अपनी समस्याओं को लेकर परेशान हैं। महंगाई और भ्रष्टाचार ने आम जनता की कमर तोड़ दी है। भाजपा सरकार के जाने के बाद ही जनता की समस्याओं का समाधान संभव होगा।

अखिलेश यादव सोमवार को समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय स्थित डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में किसानों और नौजवानों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान भारतीय किसान यूनियन (बीआर अंबेडकर) के बड़ी संख्या में किसान डॉ. दिग्विजय भाटी के नेतृत्व में उनसे मिलने पहुंचे। डॉ. दिग्विजय भाटी ने बताया कि किसान अमरोहा से करीब 400 किलोमीटर की दूरी तय कर ट्रैक्टर-ट्रॉली से लखनऊ पहुंचे हैं। इस दौरान मुकेश सिद्धार्थ ने भी ललिता गौतम प्रकरण में न्याय की लड़ाई के दौरान सहयोग के लिए अखिलेश यादव का आभार जताया। उन्होंने बताया कि आंदोलन के दौरान 16 लोगों के खिलाफ मुकदमे दर्ज किए गए हैं। अखिलेश यादव ने फिरोजाबाद के शिकोहाबाद निवासी अंकित राठौर का जिक्र करते हुए कहा कि लोहिया संस्थान में कथित तौर पर गलत इंजेक्शन लगाए जाने के बाद उसका हाथ काटना पड़ा। उन्होंने बताया कि इस मामले में लोहिया अस्पताल प्रशासन से भी बातचीत की गई है।

### 2027 चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं में जोश

किसान नेताओं ने कहा कि लोकतंत्र, संविधान और आरक्षण की रक्षा के लिए अखिलेश यादव के नेतृत्व में सामाजिक न्याय की व्यवस्था जरूरी है। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का संकल्प जताया।

> अखिलेश यादव ने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में अब ज्यादा समय नहीं बचा है। जनता में भाजपा सरकार को लेकर आक्रोश और बदलाव की इच्छा है। उन्होंने कहा कि पीडीए समाज के लोग बूथ स्तर तक समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के लिए संकल्पित हैं।

### 108 और 102 एंबुलेंस का भी किया जिक्र

सपा प्रमुख ने कहा कि उनकी सरकार के दौरान घायलों को तत्काल इलाज उपलब्ध कराने के लिए 108 एंबुलेंस सेवा और नवजात शिशुओं व प्रसूताओं के लिए 102 एंबुलेंस सेवा शुरू की गई थी। अपराध नियंत्रण के लिए तत्काल पुलिस रिस्पांस सिस्टम के रूप में यूपी डायल-100 सेवा भी लागू की गई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने जनहित से जुड़ी इन व्यवस्थाओं को कमजोर कर दिया है। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार में किसान सबसे अधिक परेशान हैं।

## काशी विश्वनाथ में 3 किमी लंबी लाइन, बरेली में हेलिकॉप्टर से फूल बरसाए गए

# 95 साल की मां को कांवड़ पर लेकर निकला बेटा






तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी । आज सावन का तीसरा सोमवार है। नाग पंचमी भी। 23 साल बाद ऐसा खास संयोग बना है। यूपी में शिव मंदिरों में सुबह से भक्तों और कांवड़ियों की भारी भीड़ है। मंगला आरती के बाद सुबह 4 बजे श्रद्धालुओं के कपाट खोल दिए गए हैं। काशी विश्वनाथ में 3 किमी लंबी लाइन है। अब तक 5 लाख भक्त दर्शन कर चुके हैं। यहां से गंगाजल लेकर भक्त रात 12 बजे से ही जलाभिषेक के लिए कतार में लग गए। बाबा विश्वनाथ आज अर्धनारीश्वर स्वरूप में दर्शन दे रहे हैं।

इधर, फिरोजाबाद में बेटे ने 95 साल की तीन बेटे मां विरमा देवी को कांवड़ में लेकर निकले हैं। वह 100 किमी तक बदायूं जाएंगे। तीन बेटों ओम प्रकाश, भागीरथ सिंह और जनक सिंह के साथ ही नाती-पोते भी हैं। कानपुर के आनंदेश्वर मंदिर में रात 2 बजे मंगला आरती हुई। इसके बाद कपाट खोल दिए।

**वाराणसी दक्षिणी के विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी ने श्री विश्वनाथ गली के व्यापारियों के साथ बाबा विश्वनाथ का जलाभिषेक किया। सावन के तीसरे सोमवार पर हुए इस पारंपरिक जलाभिषेक में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।**

### अमेठी के दंडेश्वर महादेव मंदिर पर हेलिकॉप्टर से पुष्पवर्षा

सावन के तीसरे सोमवार को अमेठी के मुसाफिरखाना के कोछित स्थित श्री दंडेश्वर महादेव मंदिर में कांवड़ियों पर हेलिकॉप्टर से पुष्पवर्षा की गई। आसमान से फूल बरसते ही कांवड़ियों में उत्साह भर गया और पूरा कांवड़ मार्ग हर-हर महादेव, बोल बम के जयकारों से गूंज उठा। जिलाधिकारी संजय चौहान और पुलिस अधीक्षक श्रवणन टी ने हेलिकॉप्टर से कांवड़ यात्रा मार्ग का जायजा लेते हुए शिवभक्तों पर फूल बरसाए। इस दौरान जगदीशपुर विधायक सुरेश पासी और मुसाफिरखाना एसडीएम नीतेश राज भी मौजूद रहे।

### 45 साल से रोज कर रहीं दर्शन : प्रमिला पाण्डेय

प्रमिला पांडेय ने कहा -मैं रोज अपनी स्कूटी से बाबा के दर्शन करने आती हूं। आज नागपंचमी और सावन का सोमवार एक साथ है, इसलिए इस दिन का खास महत्व है। बाबा आनंदेश्वर के दर्शन से विशेष फल मिलता है।"

उन्होंने कहा कि बाबा की इच्छा होती है, तभी दर्शन का सौभाग्य मिलता है। मंदिर में कोई वीआईपी नहीं है। वह बिना किसी सिक्योरिटी गार्ड के अकेले अपनी स्कूटी से दर्शन करने आती हैं।

### गाजियाबाद में रात से ही मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

सावन के तीसरे सोमवार पर गाजियाबाद के प्रसिद्ध दूधेश्वर नाथ मंदिर में रात से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी हुई है। दूर-दूर से पहुंचे भक्त बाबा भोलेनाथ के शिवलिंग पर जल चढ़ाकर पूजा-अर्चना कर रहे हैं। मंदिर परिसर में श्रद्धालु लगातार हर-हर महादेव के जयकारे लगा रहे हैं।

## युवती का वीडियो वायरल करने वाला महाराष्ट्र से गिरफ्तार

### पीड़िता की तहरीर पर दर्ज हुआ था मुकदमा

तमसा संकेत, एजेंसी



आजमगढ़। आजमगढ़ जिले की रौनापार थाने की पुलिस और साइबर सेल के संयुक्त अभियान में आजमगढ़ की रहने वाली युवती का अश्लील वीडियो वायरल करने के आरोपी को महाराष्ट्र के पालघर से गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में पुलिस को शिकायती पत्र देकर पीड़िता ने आरोप लगाया था कि आरोपी ने दोस्ती करके फिजिकल रिलेशन बनाया। और इस दौरान अश्लील फोटो और वीडियो बना लिए इस फोटो और वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर बार-बार फिजिकल रिलेशन बनाता रहा। बाद में आरोपी ने यह फोटो और वीडियो वायरल कर दिया। पीड़िता की शरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी। इसी क्रम में आरोपी के बारे में सूचना मिली जिसके आधार पर गिरफ्तारी की गई। इस बारे में जिले के एसपी ग्रामीण चिराग जैन ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर साइबर सेल ने आरोपी की लोकेशन ट्रैक किया। इसके बाद आरोपी के लोकेशन महाराष्ट्र के पालघर में मिली। लोकेशन मिलने के बाद जिले की साइबर सेल महाराष्ट्र पहुंची जहां से आरोपी प्रमोद गौड़ को हिरासत में लिया गया। साइबर सेल के इस अभियान में सब इंस्पेक्टर रवि प्रकाश गौतम ओम प्रकाश जयसवाल मुकेश भारती और निरीक्षक अपराध अशोक कुमार तिवारी शामिल है।

**खुलासा : डिप्रेशन में रातभर नहीं सोए, फिर कूदकर जान दी गोरखपुर में ठग गरिमा सिंह पर छठा केस**

# डॉक्टर सुसाइड केस: फाइनेंस वालों ने बच्चे से साइन कराए

तमसा संकेत, एजेंसी




गोरखपुर। गोरखपुर में डॉक्टरों, अफसरों और टीचर से करीब 10 करोड़ की ठगी करने वाली महिला और उसके पिता पर छठी FIR हुई है। इसी बीच 1.40 करोड़ की ठगी के बाद डिप्रेशन में चल रहे डॉक्टर के सुसाइड केस में एक और खुलासा हुआ है।

पुलिस की जांच में सामने आया कि डॉ. परमात्मा सिंह के घर 12 अगस्त की शाम चोलामंडल फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी रिकवरी करने पहुंचे थे। परिजनों का आरोप है कि कर्मचारियों ने डॉक्टर के 12 साल के बेटे से जबरन एक कागज पर सिग्नेचर कराया। इसके अलावा धमकी दी और अभद्रता भी की थी।

गरिमा के कहने पर TTE अभिमन्यु ने प्रक्रिया पूरी कराई। उनसे कुछ कागजों पर सिग्नेचर कराया गया। इस तरह 5 बैंकों से कुल 52 लाख 29 हजार रुपए का लोन हो गया। TTE ने बताया कि दो बैंक में मेरे बिना गए ही लोन हो गया। 10 महीने तक गरिमा लोन की किस्तें भरती रही। बाद में किस्त भरना छोड़ दिया। अब बैंक वाले किस्त भरने के लिए दबाव बना रहे, धमकी दे रहे हैं।



सफेद चेक शर्ट में TTE अभिमन्यु कुमार हैं, इन्होंने गरिमा सिंह और उनके गिरोह पर छठी FIR कराई है।

**रात को जब डॉक्टर ड्यूटी से घर आए, तब उन्हें इसकी जानकारी हुई। वह रातभर सो नहीं पाए। अगले दिन 13 अगस्त की सुबह करीब 9.30 बजे अपार्टमेंट की 8वीं मंजिल से कूदकर जान दे दी।**

### टीटीई से 52 लाख की ठगी, गरिमा पर हुई छठी एफआईआर

गोरखपुर में शाहपुर के शिवपुर सहबाजगंज के अभिमन्यु कुमार रेलवे में TTE हैं। अभिमन्यु की तहरीर पर 14 अगस्त की रात FIR दर्ज की गई। अभिमन्यु ने बताया कि गरिमा ने 52 लाख 29 हजार की ठगी उनके साथ की है। रेलवे में स्टेशन अधीक्षक ध्रुव नारायण सिंह से एक दोस्त ने परिचय कराया। TTE ने 57 लाख का होमलोन ले रखा था। ध्रुव नारायण सिंह ने कहा कि मेरी बेटी गरिमा होम लोन माफ करा देगी। उन्होंने यह भी बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक की एक योजना है, जिसके तहत काम होगा। इसके लिए बेटी गरिमा कुछ प्रक्रिया बताएगी, वह करनी पड़ेगी। काफी सोचने के बाद TTE अगस्त 2025 में स्टेशन अधीक्षक की बात मानकर गरिमा सिंह से बात की। गरिमा सिंह ने बताया कि लोन की प्रक्रिया शुरू होगी तो आपके मोबाइल पर OTP आएगी। विशाल यादव हैं, वो आपको फोन करेंगे। जितनी बार OTP आएगी, विशाल को बता दीजिएगा।

# बाइक चोरी, सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई घटना पुलिस जांच में जुटी

तमसा संकेत, संवाददाता



सूरतगंज (बाराबंकी)। रामनगर थाना क्षेत्र के सुढ़ियामऊ कस्बे में रविवार शाम एक बाइक चोरी होने का मामला सामने आया है। बाइक चोरी की घटना के बाद पीड़ित ने सुढ़ियामऊ चौकी पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। चोरी की पूरी घटना दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद होने की बात सामने आई है, जिससे पुलिस को चोर तक पहुंचने में मदद मिलने की उम्मीद है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुढ़ियामऊ कस्बा निवासी सत्यम यादव पुत्र रामचंद्र यादव रविवार को करीब शाम चार बजे अपनी मोटरसाइकिल से हिमांशु की दुकान पर खरीदारी करने के लिए पहुंचे थे। उन्होंने दुकान के बाहर अपनी बाइक खड़ी कर दी और बाइक में चाबी लगी रह गई। इसी दौरान मौका पाकर एक अज्ञात व्यक्ति वहां पहुंचा और बाइक को स्टार्ट कर लेकर फरार हो गया। कुछ देर बाद जब सत्यम यादव दुकान से बाहर निकले तो बाइक गायब मिली। आसपास काफी तलाश करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद पीड़ित ने मामले की सूचना पुलिस को दी और सुढ़ियामऊ चौकी पहुंचकर लिखित प्रार्थना पत्र देकर बाइक बरामद करने तथा अज्ञात चोर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पीड़ित के मुताबिक चोरी गई मोटरसाइकिल का नंबर यूपी 41 बीएन 9413 है। घटना से संबंधित सीसीटीवी फुटेज और वीडियो भी उपलब्ध होने की बात कही गई है, जिसमें संदिग्ध व्यक्ति बाइक लेकर जाता हुआ दिखाई दे रहा है। घटना के बाद कस्बे में बाइक चोरी को लेकर लोगों में चर्चा का माहौल है। स्थानीय लोगों ने पुलिस से सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी और चोरी गई बाइक बरामद करने की मांग की है। वहीं पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आसपास लगे अन्य सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर आरोपी तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है।

### नगराम नशेडी में त्योहार के बाद हुआ हादसा, खेलते समय अचानक फिसला पैर

# नागपंचमी की रौनक के बीच काल बनकर आया तालाब

**घटना**

- 12 साल के मयंक की डूबने से मौत
- अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित किया



**बृजेंद्र वीर सिंह**

तमसा संकेत, अंबेडकरनगर। नागपंचमी पर गांव में त्योहार की रौनक थी। महिलाएं, पुरुष और बच्चे गुड़िया का त्योहार मनाने के लिए तालाब के पास जुटे थे। त्योहार खत्म होने के बाद बच्चे वहीं आसपास खेलने लगे। इसी दौरान महरुआ थाना क्षेत्र के नगराम नशेडी गांव में बड़ा हादसा हो गया। तालाब में गिरने से 12 वर्षीय मयंक पांडेय की मौत हो गई।

मयंक के तालाब में गिरने की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। उसे तालाब से बाहर निकाला गया। इसके बाद परिजन तत्काल उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दोस्तपुर लेकर पहुंचे। सीएचसी में चिकित्सकों ने मयंक की जांच की। उपचार से पहले ही उसे मृत घोषित कर दिया गया। डॉक्टरों की ओर से बच्चे की मौत की पुष्टि के बाद परिजन उसे लेकर घर पहुंचे।

क्षेत्राधिकारी भीटी लक्ष्मीकांत मिश्रा ने घटना की जानकारी दी। महरुआ थाना पुलिस ने मामले में नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। हादसे को लेकर पुलिस की ओर से आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

> मयंक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। जिस तालाब के किनारे कुछ देर पहले नागपंचमी की गतिविधियां चल रही थीं, वहीं हादसे के बाद लोगों की भीड़ जुट गई। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने भी मामले की जानकारी ली।

### त्योहार खत्म हुआ, बच्चे तालाब के पास खेलने लगे

पुलिस के अनुसार, सोमवार दोपहर करीब 12 बजे गांव में नागपंचमी का त्योहार मनाया जा रहा था। गांव के लोग तालाब के पास एकत्रित थे। कुछ देर बाद त्योहार का कार्यक्रम समाप्त हो गया। इसके बाद बच्चे तालाब के आसपास ही खेलने लगे।

इसी दौरान हरिराम पांडेय का 12 वर्षीय बेटा मयंक पांडेय अचानक तालाब में गिर गया। बताया गया कि खेलते समय उसका पैर फिसल गया था। देखते ही देखते वह गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा।

# लोरपुर ताजन में पशु परिवहन पर उठे सवाल, पुलिस ने जांच के दिए संकेत

### अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र का मामला बताया जा रहा मालवाहक वाहन से पशु को बाहर निकालते दिखे लोग, पुलिस बोली-जांच के बाद होगी कार्रवाई

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अंबेडकरनगर। अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के लोरपुर ताजन के निकट पशु परिवहन से जुड़ी एक तस्वीर सामने आई है। तस्वीर में एक मालवाहक वाहन के पिछले हिस्से से पशु को बाहर निकालते कुछ लोग दिखाई दे रहे हैं। वाहन के अंदर भी एक पशु नजर आ रहा है। तस्वीर सामने आने के बाद पशुओं के परिवहन के तरीके को लेकर सवाल खड़े हुए हैं।

सामने आई तस्वीर में नारंगी रंग का मालवाहक वाहन दिखाई दे रहा है। उसका पिछला हिस्सा खुला है। वाहन के भीतर एक पशु नजर आ रहा है। कुछ लोग ऊपर से उसे बाहर निकालते दिखाई दे रहे हैं, जबकि नीचे खड़ा व्यक्ति पशु को संभालता नजर आ रहा है।



तस्वीर में पशु को रस्सी से खींचते हुए नहीं दिखाया गया है। इसलिए रस्सी के इस्तेमाल का दावा तस्वीर के आधार पर नहीं किया जा सकता। तस्वीर सामने आने के बाद पशुओं को वाहन से ले जाने के तरीके पर सवाल उठ रहे हैं। हालांकि, तस्वीर से यह स्पष्ट नहीं है कि वाहन में कितने पशु थे, उन्हें कहां से लाया गया था और उनका गंतव्य क्या था। यह भी तस्वीर मात्र से तय नहीं किया जा सकता कि परिवहन के दौरान निर्धारित नियमों का पालन हुआ था या नहीं। इन सभी बिंदुओं की पुष्टि जांच के बाद ही संभव है। मामले की जानकारी पुलिस तक पहुंचने के बाद जांच की बात कही गई है। पुलिस के अनुसार, उपलब्ध तस्वीर और घटना से जुड़ी जानकारी की जांच की जाएगी। तथ्यों की पुष्टि होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जांच में वाहन की पहचान, पशुओं की संख्या, परिवहन से जुड़े दस्तावेज और घटना की परिस्थितियों को देखा जा सकता है।

**फास्ट न्यूज**

### अबॉर्शन के बाद महिला की मौत

अंबेडकरनगर। बसखारी-अकबरपुर मार्ग स्थित जय इंदिरा हॉस्पिटल में अबॉर्शन के बाद महिला की मौत के मामले में पुलिस ने सोमवार को अस्पताल संचालक मूलचंद मौर्य को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को सक्षम न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। यह कार्रवाई जिलाधिकारी के आदेश पर दर्ज मुकदमे के बाद की गई। मामला चार जुलाई का है।

### 49 लाख के भूमि सौदे में बड़ा विवाद

अंबेडकरनगर। हंसवर थाना क्षेत्र में भूमि खरीद-फरोख्त के नाम पर 49 लाख रुपये के लेनदेन का मामला सामने आया है। भूलेपुर निवासी अब्दुल मुत्तलिब की शिकायत पर पुलिस ने 10 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, अमानत में खयानत और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के आदेश पर हुई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता ने पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थनापत्र में भूमि सौदे और रकम के लेनदेन का पूरा विवरण दिया है। आरोप है कि भूमि का सौदा तय होने के बाद अलग-अलग माध्यमों से रकम का भुगतान किया गया, लेकिन बाद में बैनामा नहीं कराया गया।

### 3 बच्चों की तालाब में डूबकर मौत

बांसगांव, गोरखपुर। गोरखपुर में नाग पंचमी पर घर से करीब 100 मीटर दूर तालाब में नहाने गए 3 बच्चे डूब गए। ग्रामीणों ने तालाब से तीनों को निकाला। हॉस्पिटल ले गए, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद तीनों को मृत बताया। तीनों की उम्र 9, 12 और 14 साल थी। पुलिस ने बच्चों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। घटना जिला मुख्यालय से करीब 25 किलोमीटर दूर बांसगांव के बदौली बाबू में सोमवार सुबह 10 बजे की है।

# विधायक निधि से बनी सड़क का शिलापट गिराया, समर्थकों में रोष

### बरोही पूरा पांडेय गांव में घटना से मचा हड़कंप

**तमसा संकेत, संवाददाता**



- स्थानीय लोगों ने जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की

अंबेडकरनगर। आलापुर विधानसभा क्षेत्र के बरोही पूरा पांडेय गांव में विधायक निधि से बनी आरसीसी सड़क का शिलापट गिराए जाने का मामला सामने आया है। शिलापट गिरने की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों और सपा विधायक त्रिभुवन दत्त के समर्थकों में नाराजगी फैल गई। लोगों ने घटना की जांच कर शिलापट गिराने वालों की पहचान कर कार्रवाई की मांग की है। बताया गया कि ग्राम बरोही पूरा पांडेय, पोस्ट मुड़ियारी में विधायक त्रिभुवन दत्त की निधि से आरसीसी सड़क का निर्माण कराया गया था। सड़क के किनारे विकास कार्य से संबंधित जानकारी देने के लिए शिलापट लगाया गया था। आरोप है कि कुछ अराजक तत्वों ने शिलापट को क्षतिग्रस्त कर गिरा दिया। घटना की जानकारी सामने आने के बाद विधायक के समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने नाराजगी जताई। उनका कहना है कि सार्वजनिक विकास कार्य से संबंधित शिलापट को नुकसान पहुंचाना उचित नहीं है। उन्होंने प्रशासन से मामले की जांच कराने और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। स्थानीय लोगों का कहना है कि शिलापट केवल किसी विकास कार्य की जानकारी देने का माध्यम होता है।

# अब ग्रामसभा की हर बात होगी डिजिटल एआई तैयार करेगा बैठकों का कार्यवृत्त

### 899 ग्राम पंचायतों में विशेष ग्रामसभा की वीडियो-ऑडियो रिकॉर्डिंग अनिवार्य

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अंबेडकरनगर। ग्रामसभा की बैठकों में होने वाली चर्चा और लिए जाने वाले फैसलों का अब डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा। जिले की सभी 899 ग्राम पंचायतों में होने वाली विशेष ग्रामसभा बैठकों की उच्च गुणवत्ता वाली वीडियो और ऑडियो रिकॉर्डिंग अनिवार्य कर दी गई है। बैठक की रिकॉर्डिंग निर्धारित समय में 'सभासार' पोर्टल पर अपलोड की जाएगी। इसके बाद आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई के माध्यम से बैठक का डिजिटल कार्यवृत्त तैयार किया जाएगा। नई व्यवस्था से ग्रामसभा की कार्यवाही को रिकॉर्ड के रूप में सुरक्षित रखने की व्यवस्था होगी। बैठक में हुई चर्चा, रखे गए प्रस्ताव और लिए गए निर्णयों का डिजिटल संधारण किया जा सकेगा।




केंद्र सरकार के पंचायती राज मंत्रालय की ओर से विकसित 'सभासार' एआई आधारित प्लेटफॉर्म के माध्यम से ग्रामसभा की बैठकों की रिकॉर्डिंग का इस्तेमाल किया जाएगा। रिकॉर्डिंग पोर्टल पर अपलोड होने के बाद एआई के जरिए बैठक का कार्यवृत्त तैयार किया जाएगा। इसमें बैठक के दौरान हुई प्रमुख चर्चाओं, प्रस्तावों और निर्णयों को डिजिटल रूप में दर्ज करने की व्यवस्था होगी। इससे ग्रामसभा की कार्यवाही के अभिलेखीकरण का एक डिजिटल माध्यम उपलब्ध होगा। ग्रामसभा की बैठकों में ग्रामीणों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सूचना देने की व्यवस्था भी तय की गई है।

### 15 अगस्त से शुरू हुआ पोर्टल का इस्तेमाल

जिला पंचायत राज अधिकारी उपेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि जिले में 'सभासार' पोर्टल का उपयोग 15 अगस्त को आयोजित कार्यक्रमों से शुरू कर दिया गया है। अब विशेष ग्रामसभा बैठकों की कार्यवाही को भी निर्धारित प्रक्रिया के तहत रिकॉर्ड कर पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। नई व्यवस्था में रिकॉर्डिंग की गुणवत्ता पर भी ध्यान दिया जाएगा, ताकि बैठक में हुई चर्चा को स्पष्ट रूप से दर्ज किया जा सके।

# पुलिस परिवार के बच्चों ने मैदान में दिखाया दम

### क्रिकेट से फुटबॉल तक हुईं प्रतियोगिताएं

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अंबेडकरनगर। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुलिस परिवार के बच्चों की खेल प्रतिभा को मंच देने के लिए रविवार को रिजर्व पुलिस लाइंस में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। वामा सारथी के तत्वावधान में हुए आयोजन में अंडर-12 और अंडर-15 आयु वर्ग के बच्चों ने हिस्सा लिया। बच्चों ने अलग-अलग प्रतियोगिताओं में अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं में क्रिकेट बॉल थ्रो, बैडमिंटन, लंबी कूद और फुटबॉल शामिल रहे। दोनों आयु वर्ग के बच्चों ने प्रतियोगिताओं में उत्साह के साथ भाग लिया। मैदान पर बच्चों के बीच अलग-अलग खेलों में मुकाबले हुए।

आयोजन का उद्देश्य पुलिस



परिवार के बच्चों को खेल के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध कराना और उनकी प्रतिभा को सामने लाना रहा। प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना विकसित करने पर भी जोर दिया गया।

प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता और उपविजेता बच्चों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह की माता ऊषा सिंह ने बच्चों को प्रमाणपत्र प्रदान किए और उनका उत्साहवर्धन किया।

सम्मान मिलने पर प्रतिभागी बच्चों में उत्साह नजर आया।

# राशन दुकानदारों के लाभांश में बढ़ोतरी

### 90 से बढ़कर 125 रुपये हुआ लाभांश, ई-पॉस से फीडबैक की नई व्यवस्था लागू

- अब हर कुंतल पर मिलेंगे 125 रुपये
- अंबेडकरनगर के 1,122 उचित दर विक्रेताओं को मिलेगा सीधा लाभ

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अंबेडकरनगर। उचित दर विक्रेताओं के लिए सोमवार को बड़ी राहत वाली घोषणा हुई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के लोकभवन से प्रदेशभर के उचित दर विक्रेताओं के लाभांश में बढ़ोतरी की व्यवस्था का शुभारंभ किया। अब राशन दुकानदारों को प्रति कुंतल 90 रुपये के बजाय 125 रुपये लाभांश मिलेगा। इसके साथ ही राशन वितरण व्यवस्था में सिंगल स्टेज डोर-स्टेप डिलीवरी के तहत ई-पॉस आधारित फीडबैक प्रणाली की शुरुआत की गई। नई व्यवस्था का



### जिले में 1,122 राशन दुकानें

जिला पूर्ति अधिकारी के अनुसार, अंबेडकरनगर में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में कुल 1,122 उचित दर विक्रेता कार्यरत हैं। इनके माध्यम से पात्र राशन कार्डधारकों को हर माह निःशुल्क खाद्यान्न का वितरण किया जाता है।

उद्देश्य वितरण प्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाना है। सिंगल स्टेज डोर-स्टेप डिलीवरी व्यवस्था के तहत ई-पॉस आधारित उचित दर विक्रेता फीडबैक प्रणाली भी शुरू की गई है। इसके माध्यम से राशन वितरण से जुड़ा फीडबैक डिजिटल तरीके से दर्ज किया जा सकेगा। जिला पंचायत प्रशासक श्याम सुंदर वर्मा ने लाभांश बढ़ाने के निर्णय पर उचित दर विक्रेताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि नई व्यवस्था से राशन वितरण प्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा मिलेगा। भाजपा जिलाध्यक्ष दिलीप देव पटेल ने भी उचित दर विक्रेताओं को बढ़े हुए लाभांश की बधाई दी। उन्होंने राशन कार्डधारकों के साथ बेहतर व्यवहार और अपने दायित्वों के सही ढंग से निर्वहन पर जोर दिया। लाभांश बढ़ने का लाभ जिले के सभी 1,122 उचित दर विक्रेताओं को मिलेगा। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जिले की अन्य तहसीलों में भी किया गया।

### कलेक्ट्रेट में जुटे राशन दुकानदार देखा सीधा प्रसारण

मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण अंबेडकरनगर के कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। यहां जिला पंचायत प्रशासक श्याम सुंदर वर्मा, जिलाधिकारी ईशा प्रिया, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ज्योत्स्ना बंधु, भाजपा जिलाध्यक्ष दिलीप देव पटेल, जिला पूर्ति अधिकारी और बड़ी संख्या में उचित दर विक्रेता मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के संबोधन के साथ अन्य जनप्रतिनिधियों की बात भी सजीव प्रसारण के माध्यम से सुनी गई। लाभांश बढ़ाए जाने की घोषणा के बाद मौजूद उचित दर विक्रेताओं को बधाई दी गई।

# आजादी की लड़ाई महिलाओं के योगदान के बिना अधूरी : असलम

### हंसवर के शिक्षण संस्थान में 'स्वतंत्रता संग्राम में महिलाओं की भूमिका' पर हुआ समारोह

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अंबेडकरनगर। हंसवर स्थित संतराम नवल शिक्षण संस्थान में 'स्वतंत्रता संग्राम में महिलाओं की भूमिका' विषय पर समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के प्रबंधक डॉ. जगदीश प्रसाद वर्मा ने की। संचालन रीता गुप्ता ने किया।

कार्यक्रम में सितारे उर्दू अवार्ड से सम्मानित मोहम्मद शफी नेशनल इंटर कॉलेज हंसवर के शिक्षक मोहम्मद असलम खान मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने कहा कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम का इतिहास महिलाओं के योगदान के बिना पूरा नहीं हो सकता। देश की आजादी के लिए महिलाओं ने भी पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष किया।

असलम खान ने स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका




निभाने वाली महिलाओं का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि रानी लक्ष्मीबाई, बेगम हजरत महल, एनी बेसेंट, कस्तूरबा गांधी, सरोजिनी नायडू, विजयलक्ष्मी पंडित, अरुणा आसिफ अली और लक्ष्मी सहगल जैसी महिलाओं ने आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई।

उन्होंने कहा कि इन महिलाओं ने साहस और दृढ़ता के साथ स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान दिया। उनका संघर्ष भारतीय इतिहास का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

प्रबंधक डॉ. जगदीश वर्मा ने कहा कि देश की महान महिलाओं ने आजादी के लिए लंबा संघर्ष किया। उन्होंने साहस, बुद्धिमत्ता और रणनीति के साथ मातृभूमि के लिए योगदान दिया।

प्रधानाचार्य राम वचन ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाली महिला वीरांगनाओं का योगदान हमेशा याद किया जाएगा।

समारोह के दौरान स्वतंत्रता संग्राम में महिलाओं की भूमिका पर वक्ताओं ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में शबाना आजमी, कोमल, सीमा, शादमा खातून, रागिनी, मीना, आफरीन, रमेश कुमार, बृजपाल समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# रिमझिम बारिश ने बदला मौसम, उमस से मिली राहत

### सुबह से छाए रहे बादल, रुक-रुककर होती रही फुहार

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अंबेडकरनगर। कई दिनों से गर्मी और उमस झेल रहे अंबेडकरनगर के लोगों को सोमवार सुबह हुई रिमझिम बारिश से राहत मिली। सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे। इसके बाद रुक-रुककर बारिश होती रही। ठंडी हवाओं के साथ हुई फुहारों से मौसम का मिजाज बदल गया और तापमान में गिरावट महसूस की गई।

बारिश के चलते सुबह से ही मौसम सुहाना रहा। गर्मी और उमस से परेशान लोगों को राहत मिली। हालांकि, बारिश शुरू होने के बाद सड़कों और बाजारों में लोगों की आवाजाही भी प्रभावित हुई। जरूरी काम से निकले लोग छाता लेकर चलते नजर आए।

सोमवार सुबह से आसमान में बादल छाए रहे। कुछ समय बाद हल्की बारिश शुरू हुई। बारिश



लगातार तेज नहीं रही, बल्कि बीच-बीच में फुहारें पड़ती रहीं।

बारिश के साथ चली ठंडी हवा से मौसम में बदलाव साफ महसूस हुआ। पिछले दिनों की उमस के मुकाबले सोमवार को लोगों को कुछ राहत मिली। शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी बारिश का असर दिखाई दिया। इस समय खेतों में धान की फसल है और फसल को पानी की जरूरत बनी हुई है। ऐसे में रिमझिम बारिश से खेतों में नमी बढ़ने की उम्मीद है। किसानों को सिंचाई में कुछ राहत मिल सकती है।

बारिश से खेतों में पानी की उपलब्धता बढ़ने पर किसानों का सिंचाई पर होने वाला खर्च भी कम हो सकता है।

**निर्देश : 27 का मौके पर निस्तारण, अकबरपुर में सबसे ज्यादा 56 फरियाद**

# समाधान दिवस में डीएम के सामने पहुंचीं 180 शिकायतें

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अंबेडकरनगर। जिले की तहसीलों में सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। अगस्त के तृतीय शनिवार को स्वतंत्रता दिवस होने के कारण शासन के निर्देश पर इस बार समाधान दिवस सोमवार को हुआ। पांचों तहसीलों में अधिकारियों ने लोगों की शिकायतें सुनीं। कुल 180 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें 27 का मौके पर निस्तारण कराया गया। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन शिकायतों का समाधान मौके पर संभव है, उन्हें तत्काल निस्तारित किया जाए। वहीं, ऐसे मामलों में केवल



कार्यालय स्तर से कार्रवाई न की जाए, जिनमें स्थलीय जांच जरूरी है।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर जांच करने और नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। शिकायतों के निस्तारण में अनावश्यक देरी नहीं करने के भी निर्देश दिए गए। जिले की अन्य तहसीलों में भी अधिकारियों ने लोगों की शिकायतें सुनीं। तहसील भीटी में 21 शिकायतों में चार, टांडा में 23 में पांच, जलालपुर में 35 में चार और आलापुर में 45 शिकायतों में छह का मौके पर निस्तारण किया गया।

### अकबरपुर में डीएम ने सुनीं फरियाद

तहसील अकबरपुर में जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने लोगों की समस्याएं सुनीं। उनके साथ ज्वाइंट मजिस्ट्रेट व एसडीएम अकबरपुर प्रतीक्षा सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट थनिगईयरसन टी समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। डीएम ने फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से मामलों की जानकारी ली और शिकायतों का निर्धारित समय में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए।

अकबरपुर तहसील में कुल 56 शिकायतें आईं। इनमें आठ शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। शेष मामलों को संबंधित अधिकारियों को सौंपते हुए समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

> संपूर्ण समाधान दिवस में मिली शेष शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। अधिकारियों से कहा गया कि प्रत्येक प्रकरण की जांच नियमानुसार करते हुए प्रभावी कार्रवाई की जाए। शिकायतकर्ता की संतुष्टि को भी निस्तारण प्रक्रिया में प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए।

# 27 साल बाद खत्म हुआ अकबरपुर बिजलीघर बलवा केस

### पूर्व विधायक पवन पांडेय समेत आरोपी बरी

**बृजेंद्र वीर सिंह**

तमसा संकेत, अंबेडकरनगर। अकबरपुर बिजलीघर के सामने वर्ष 1999 में हुए बलवा प्रकरण में सोमवार को विशेष न्यायाधीश एमपी-एमएलए कोर्ट ने फैसला सुनाया। करीब 27 वर्ष पुराने इस मुकदमे में अकबरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व शिवसेना विधायक पवन कुमार पांडेय समेत सभी आरोपियों को अदालत ने बरी कर दिया।

वर्ष 1999 में अकबरपुर बिजलीघर के सामने हुई घटना के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। प्राथमिकी में पवन कुमार पांडेय समेत कुल सात लोगों को आरोपी बनाया गया था। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन और बचाव पक्ष ने अदालत के समक्ष अपनी-अपनी दलीलें रखीं। मुकदमा लंबे समय तक न्यायालय में विचाराधीन रहा। अलग-अलग चरणों में मामले की सुनवाई आगे बढ़ती रही। 1999 में मुकदमा दर्ज



- 1999 में दर्ज हुआ था मुकदमा, बिजलीघर के सामने हुई घटना के बाद शुरू हुई थी लंबी कानूनी लड़ाई
- 5 अगस्त को पूरी हुई अंतिम बहस, 17 अगस्त को अदालत ने सुनाया फैसला

होने के बाद से इसकी न्यायिक प्रक्रिया करीब 27 वर्षों तक चली। इस दौरान मामले में अभियोजन की ओर से अपना पक्ष रखा गया, जबकि बचाव पक्ष ने भी आरोपों के संबंध में अपनी दलीलें पेश कीं।

# सम्पादकीय

## वंदे मातरम् पर विवाद



स्वतंत्रता दिवस समारोह पर अपने मुख्यालय में संपूर्ण वंदे मातरम् के गायन को लेकर जो विवाद पैदा हुआ, उसके लिए कांग्रेस अपने अलावा अन्य किसी को दोष नहीं दे सकती। कांग्रेस कुछ भी सफाई दे, यह मानने के अच्छे-भले कारण हैं कि उसे वंदे मातरम् के संपूर्ण गायन की नई परिपाटी रास नहीं आई।

गत दिवस गृह मंत्री अमित शाह ने जिस तरह सोनिया गांधी की ओर से कथित तौर पर वंदे मातरम् के गायन को रोके जाने पर कांग्रेस से माफी की मांग की, उससे यही लगता है कि कांग्रेस ने जाने-अनजाने भाजपा के हाथ में एक मुद्दा थमा दिया। यह विवाद आसानी से थमने वाला नहीं, इसका संकेत इससे भी मिलता है कि बंकिम चंद्र के वंशज ने भी सोनिया गांधी से माफी की मांग कर दी।

वंदे मातरम् को लेकर कोई पहली बार विवाद नहीं खड़ा हुआ। इस राष्ट्रीय गीत को लेकर रह-रहकर विवाद का विषय बनाने की कोशिश होती ही रही है। हाल में जब वंदे मातरम् के डेढ़ सौ साल पूरे होने पर मोदी सरकार ने उसके सभी छंद गाए जाने को अनिवार्य बनाया तब भी कांग्रेस ने उस पर आपत्ति जताई थी। इसके उपरांत जब राष्ट्रगान जन-गण-मन की तरह वंदे मातरम् को कानूनी संरक्षण देने संबंधी विधेयक पर संसद में चर्चा हुई तब भी कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दलों ने उसमें भाग लेने से इन्कार किया।

15 अगस्त के समारोह में केरल सरकार ने वंदे मातरम् के संपूर्ण गायन से इन्कार करके इस विवाद की जो शुरुआत की, उसे कांग्रेस मुख्यालय में हुए घटनाक्रम ने पूरा कर दिया। इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले पर आयोजित समारोह में राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे ने हिस्सा लेने से किनारा किया। उन्होंने ऐसा दूसरी बार किया।

यह समझ आता है कि कांग्रेस को मोदी सरकार की रीति-नीति पसंद नहीं, लेकिन सरकार की रीति-नीति और राष्ट्रीय प्रतीकों में अंतर होता है। कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दलों की ओर से प्रायः इस अंतर को भुला दिया जाता है। इससे राष्ट्रीय प्रतीकों के साथ-साथ राष्ट्रीयता की भावना का भी अनादर होता है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिस कांग्रेस ने स्वतंत्रता आंदोलन का नेतृत्व किया और जिसने अपने अधिवेशनों में वंदे मातरम् के गायन की परंपरा प्रारंभ की, वही उसे यथोचित सम्मान देने के लिए तैयार नहीं दिख रही है।

मुस्लिम लीग के विरोध के बाद वंदे मातरम् के संपूर्ण गायन की जगह उसके दो छंद ही गाने की परंपरा शुरू हुई थी, लेकिन अब इस परंपरा को बदल कर वंदे मातरम् के सभी छंद गाए जाने का नियम बनाने पर किसी को आपत्ति नहीं होनी चाहिए। यह आपत्ति किसी न किसी स्तर पर मुस्लिम लीग वाली मानसिकता को पोषण देने वाली ही है।

# अल्पसंख्यकों की असुरक्षा से आतंकवाद तक पाक का यथार्थ





"22 अप्रैल 2025 के हमले में 26 लोगों की हत्या के बाद 7 मई को भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान-अधिकृत जम्मू-कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। भारत सरकार ने इसे आतंकवादी ढांचे के विरुद्ध लक्षित और नियंत्रित कार्रवाई बताया। यह परिवर्तन केवल सैन्य कार्रवाई तक सीमित नहीं है।"

पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी का स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दिया गया हालिया बयान केवल एक जहरीली एवं कड़वी राजनीतिक टिप्पणी ही नहीं है, बल्कि पाकिस्तान की उस मानसिकता का आईना है, जिसमें भारत के प्रति कटुता, अविश्वास, नफरत और वैचारिक विरोध आज भी गहरे पैठे हुए हैं। जरदारी ने 'अखंड भारत' की अवधारणा पर टिप्पणी करते हुए कहा कि भारतीय इसमें विश्वास करते हैं, लेकिन वे मुसलमान होने के नाते इससे सहमत नहीं हैं। साथ ही उन्होंने पाकिस्तान में हिंदुओं के सुरक्षित और सुखी होने का दावा भी किया। सवाल यह है कि दुनिया किसी राष्ट्राध्यक्ष के दावे पर विश्वास करे या आंकड़ों और जमीन पर दिखाई देने वाली वास्तविकता पर? इतिहास का न्याय भावनाओं से नहीं, तथ्यों से होता है। और पाकिस्तान के संदर्भ में जनसांख्यिकी, अल्पसंख्यकों की स्थिति, धार्मिक स्वतंत्रता और आतंकवाद-ये चारों क्षेत्र ऐसे आईने हैं जिनमें उसकी अपनी तस्वीर साफ दिखाई देती है।

1947 में जब पाकिस्तान वजूद में आया एवं 1951 की जनगणना में पूरे तत्कालीन पाकिस्तान में हिंदुओं की हिस्सेदारी लगभग 14.6 प्रतिशत थी, पाकिस्तान की 2023 की आधिकारिक जनगणना में 'हिंदू जाति' की आबादी 3,867,729 और 'अनुसूचित जाति' की आबादी 1,349,487 दर्ज की गई है। कुल आबादी 240.46 मिलियन है। इन दोनों श्रेणियों को जोड़ें तो हिस्सा लगभग 2.17 प्रतिशत बैठता है। अर्थात आज के पाकिस्तान में हिंदू समुदाय की जनसंख्या हिस्सेदारी अत्यंत सीमित रह गई है। इसके विपरीत भारत की स्थिति को भी तथ्यों के साथ ही देखना चाहिए। भारत की अंतिम प्रकाशित पूर्ण जनगणना 2011 की है। उसमें मुस्लिम आबादी 14.23 प्रतिशत, यानी 17.22 करोड़ दर्ज हुई थी। यही वह बिंदु है जहां भारत और पाकिस्तान के बीच वास्तविक अंतर सामने आता है। भारत ने धर्म के आधार पर नागरिकता की अवधारणा को राज्य की नागरिकता का आधार नहीं बनाया। संविधान ने हर नागरिक को समान नागरिक अधिकार, धार्मिक स्वतंत्रता और अपनी आस्था के पालन की स्वतंत्रता दी। भारत में मुसलमानों ने राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, केंद्रीय मंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, न्यायपालिका, सेना, शिक्षा, उद्योग, कला, खेल और प्रशासन सहित जीवन के लगभग प्रत्येक क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह लोकतंत्र की कमजोरी नहीं, उसकी शक्ति है। इसके विपरीत पाकिस्तान में धार्मिक अल्पसंख्यकों की स्थिति पर अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संस्थाओं की रिपोर्टें गंभीर प्रश्न उठाती हैं। ह्यूमन राइटस वाच की 2026 की रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान में ईशनिंदा कानूनों के दुरुपयोग ने धार्मिक अल्पसंख्यकों को हिंसा, मनमानी गिरफ्तारी और सामाजिक दबाव के प्रति अत्यंत संवेदनशील बना दिया है। रिपोर्ट में हिंदुओं, ईसाइयों और अहमदियों सहित अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा और जबरन विवाह-धर्मांतरण जैसी समस्याओं का उल्लेख है। 2023 में पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के जरनवाला में ईशनिंदा के आरोपों के बाद चर्चों और ईसाई घरों पर भीड़ के हमले हुए। ह्यूमन राइटस वाच ने पाकिस्तान में ईशनिंदा कानूनों के इस्तेमाल से अल्पसंख्यकों की संपत्ति पर कब्जे और उन्हें घर छोड़ने के लिए मजबूर किए जाने के मामलों का भी दस्तावेजीकरण किया है। ऐसे में जरदारी का यह कहना कि पाकिस्तान के हिंदू बहुत खुश हैं, एक झूठा, गुमराह करने वाला एवं भ्रामक राजनीतिक दावा तो हो सकता है, लेकिन उसे व्यापक तथ्यात्मक प्रमाण की कसौटी पर परखा जाना चाहिए। किसी देश में अल्पसंख्यक सुरक्षित हैं या नहीं, इसका प्रमाण केवल राष्ट्राध्यक्ष का बयान नहीं, बल्कि उनके नागरिक अधिकार, धार्मिक स्वतंत्रता, मंदिरों और पूजा स्थलों की सुरक्षा, कानून के सामने समानता तथा भयमुक्त जीवन है। भारत में सरकारों के खिलाफ मुसलमानों एवं अन्य अल्पसंख्यकों के द्वारा आवाज उठाई जा सकती है, न्यायालयों में चुनौती दी जा सकती है। यही लोकतांत्रिक भारत और धार्मिक-सामुदायिक असुरक्षा से जूझते पाकिस्तान के बीच बुनियादी अंतर है। दूसरा बड़ा प्रश्न पाकिस्तान के भारत-विरोधी आतंकवाद का है। पिछले कई दशकों में सीमा पार आतंकवाद भारत की सुरक्षा के सामने सबसे गंभीर चुनौतियों में रहा है। संसद पर हमला, मुंबई हमले, पठानकोट, उरी, पुलवामा और जम्मू-कश्मीर में लगातार हिंसक घटनाएं इस समस्या का हिस्सा रही हैं। 2019 में पुलवामा हमले के बाद भारत ने बालाकोट में जैश-ए-मोहम्मद के प्रशिक्षण शिविर पर कार्रवाई की। विदेश मंत्रालय ने उस समय स्पष्ट किया था कि पाकिस्तान की जमीन पर चल रहे आतंकवादी ढांचे के विरुद्ध कार्रवाई की गई क्योंकि पाकिस्तान उन्हें नष्ट करने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठा रहा था। 2025 में पहलगाम के आतंकी हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की सुरक्षा नीति में एक और महत्वपूर्ण परिवर्तन का संकेत दिया। भारत ने आतंकवाद के साथ-साथ उसके वित्तीय और नशीले पदार्थों के नेटवर्क पर भी ध्यान केंद्रित किया है। सरकार ने विदेशी तत्वों द्वारा नशीले पदार्थों को सीमा पार भेजकर 'नार्को-टेरर' को वित्त उपलब्ध कराने की बात कही है। यहां भारत की चुनौती केवल सीमा पर बंदूक लेकर खड़े आतंकवादी से नहीं है। चुनौती उस पूरे तंत्र से है जिसमें आतंकवाद, हथियार, ड्रोन, नशीले पदार्थ, फर्जी सूचनाएं और सामाजिक विभाजन-सब एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। पिछले एक दशक से अधिक समय में भारत की सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही है कि उसने पाकिस्तान को यह संदेश दिया है कि आतंकवाद और बातचीत को समानांतर रास्तों पर नहीं चलाया जा सकता। 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक, 2019 की बालाकोट कार्रवाई और 2025 का ऑपरेशन सिंदूर अलग-अलग घटनाएं जरूर हैं, लेकिन इनके पीछे एक समान संदेश दिखाई देता है- भारत अब आतंकवाद को केवल सहने या निंदा करने तक सीमित नहीं रहेगा।

**ललित गर्ग**

# इसी कारण हैं वे महान

मुझे आचार्य भिक्षु के समय की एक बात याद आ गयी किसी ने आचार्य भिक्षु को देख कर कहा की आपका मुँह जो देखगा वो नरक में जायेगा इस बात को आचार्य भिक्षु ने सरल ,शांत मन से लिया और बोले की मेरा मुँह देखने वाला तुम्हारे हिसाब से नरक में जायेगा और तुम्हारा मुँह देखने वाला कहाँ जायेगा । तो उसने कहा की वह स्वर्ग में जायेगा तो आचार्य भिक्षु ने कहा की तुम्हारे हिसाब से तो मेरा स्वर्ग का आरक्षण पक्का हो गया परन्तु हम इस पर यक़ीन नहीं करते हैं हमारी मान्यता हैं की मानव अपने कर्म के अनुसार स्वर्ग व नरक को प्राप्त करता हैं ।आचार्य भिक्षु के समय की यह घटना हमें यह दिखलाती हैं की वो महान ऐसे ही नहीं थे वो अपने गुणो के कारण महान थे । कबीर दास जी कहते हैं की जब मैं इस संसार में बुराई खोजने चला तो मुझे कोई भी बुरा न मिला, जब मैंने अपने मन में झाँक कर देखा तो पाया कि मुझसे बुरा कोई नहीं है। कबीर दास जी के यह भाव उनकी महानता को दर्शाते हैं । चली जा रहीं हैं उम्र धीरे- धीरे ।पल - पल वो आठों प्रहर धीरे- धीरे । बचपन भी जायें ओ जवानी भी जायें अब बुढ़ापे का होगा असर धीरे - धीरे । छोटी सीं जिन्दग़ानी चार दिन कीं जवानी कोई ना समझेगा - तेरी जीवन कहानी ,मन के हों भीतर उतर धीरे धीरे । तेरे हाथ पाँवों में बल ना रहेगा ,अब झुकेंगीं तुम्हारी कमर धीरे धीरे ।शिथिल अंग होंगे एक दिन तुम्हारे ,फिर मंद होंगी तेरी नज़र धीरे धीरे ।बुराई से मन को तूँ अपने हटा लें बन जायें तेरा जीवन धीरे धीरे ।भजन कर हरि का तूँ पल पल ओ प्यारे ,मिल जायेगा बो सज्जन धीरे धीरे । स्पष्ट है यह सारा वृतांत हमारी दृष्टि का है ।गलतियाँ ढूँढती हैं हमारी नजरें दूसरों में इसके विपरीत गलतियाँ भरी हों ख़ुद में तो भी नज़र नहीं आती कभी भी अपनों में या स्वयं में ।सब जानते हैं और कहते ही रहते हैं की इन्सान गलतियों के पुतले हैं तो फिर स्वयं के प्रिय ख़ुद कैसे दूध के धुले हैं ? इससे स्पष्ट है की हम पहनेंगे जैसे रंग का चश्मा, दिखेगा वैसा ही बाहर का हमें शमा। एक और सटीक उदाहरण जो ज़्यादातर व्यवहार में होता हैं कि यदि किसी अपने से हो गई अनबन तो जो कल तक भरे थे उसमें गुण ही गुण,दीखने लगेंगे आज वो ही परिवर्तित हो कर अवगुण ही अवगुण।आदमी वही, आप भी वही ,पर नजर बदल गई।

**> प्रदीप छाजेड़**

## ऐसा करके सरकार...

डा. रमेश ठाकुर

# भारत में पाकिस्तानियों को मिली नागरिकता?



किसी पाकिस्तानी को आज के दौर में हिंदुस्तान में बसाना, उन्हें पनाह देना या फिर नागरिकता देनी वाली बात, शायद ही किसी के गले उतरे? बसाना तो दूर, ऐसा सोचना मात्र भी, सूरज का पूरब की जगह पश्चिम से निकलने जैसा माना जाएगा पर, यह कोरी कल्पना पिछले दिनों हकीकत में तब्दील हुई। भारत में 56 साल पहले आए पाकिस्तानियों को नागरिकता दी गई है। वह भी एकाध लोगों को नहीं बल्कि हजारों को। सरकार ने पिछले महीने बकायदा एक रंगारंग कार्यक्रम कर, ढोल-नगाड़े बजाकर विस्थापित पाकिस्तानियों को नागरिकता प्रमाण पत्र बांटे। ताज्जुब यह भी है कि ऐसा चमत्कार हुकूमत ने ऐसे माहौल में किया, जब समूचे भारत में विभिन्न देशों के घुसपैठियों को निकालकर उन्हें खदेड़ने का अभियान केंद्रीय व राज्य स्तरों पर छिड़ा हो। इस अभियान की बानगी हमने हाल में संपन्न हुए पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के दौरान भी देखा जब दो बार्डर राज्य, असम और पश्चिम बंगाल, का चुनाव इसी मसले के इर्दगिर्द घूमा। घुसपैठियों के अलावा भारत में कुछ वर्षों से एनआरसी और सीएए का भी शोर है। बावजूद इसके सरकार ने पाकिस्तानियों को नागरिकता देने का बड़ा जोखिम उठाया। सरकार ने यह कदम क्यों उठाया? हालांकि, इस फैसले के सियासी मायने बहुतेरे हैं, जिसकी तस्वीर आने वाले दिनों में दिखाई भी देगी। सरकार ने विस्थापितों को नागरिकता हिंदुस्तान के सबसे बड़े सूबे उत्तर प्रदेश में दी है। जिले का नाम है पीलीभीत जो नेपाल बॉर्डर से एकदम सटा हुआ है जिसकी पहचान बांसुरी निमार्ण के अलावा तराई क्षेत्र के लिए भी प्रसिद्ध है। पीलीभीत को मिनी पंजाब भी कहते हैं। प्राकृतिक सौंदर्य से लबरेज, जैव-विविधता के अलावा विश्व प्रसिद्ध टाइगर रिजर्व तो है ही, धान की पैदावार के लिए भी जिला पूरे प्रदेश में विख्यात है। सरकार ने जिन परिवारों को बसाने का फैसला किया है उनमें बंगाली हिन्दू, बौद्ध, जैन और सिख शामिल हैं। भारत के नक्शे में देखें, तो पीलीभीत हिंदुस्तान के एक अलहदे छोर पर बसा है जहां करीब पांच दशक से भी ज्यादा पहले पाकिस्तान से आए विस्थापित लोग बस गए थे। तभी, से वह विभिन्न सरकारों से नागरिकता मांगते आए हैं। सरकारी कागजों के मुताबिक पूर्वी पाकिस्तान से वर्ष 1959 से 1971 के बीच पाकिस्तान से पीड़ित होकर कुछेक परिवार भारत आए थे। शुरूआत में यह परिवार कई राज्यों में भटकते रहे, कहीं ठिकाना नहीं मिला। आखिरकार उन्हें बाद में यही जिला मुफीद लगा। पीलीभीत के अलावा कुछ नागरिकता रामपुर और बिजनौर में बसे विस्थापितों को भी दी गई है। पीलीभीत के जिस क्षेत्र में यह परिवार रहते आए हैं वह जगह कभी जोखिम होती थी। इन लोगों ने इसे रहने लायक बनाया और उबड़ खाबड़ जगहों पर मेहनत करके उसे खेतीबाड़ी के लिए तैयार किया। आज इस क्षेत्र में अच्छी फसलें उगती हैं। सभी के पास कागजी दस्तावेजों के रूप में भारतीय आधार कार्ड, पैन कार्ड, राशन कार्ड इत्यादि पहले से मौजूद हैं। साथ ही लंबे वक्त से मतदान भी करते आए हैं लेकिन नागरिकता और मालिकाना हक से वंचित थे जिसे मौजूदा योगी सरकार ने पूरा कर दिया। ये परिवार पीलीभीत जिले के अमरिया, न्यूरिया, शारदा डैम की तलहटी सहित आसपास के क्षेत्रों में बसे हैं। सरकार ने उन्हें खेती और आवास के लिए जमीन तो पहले से दी हुई हैं लेकिन मालिकाना हैसियत नहीं दी, जिसके लिए यह लोग दशकों जद्दोजहद कर रहे थे। प्रत्येक चुनावों में इनसे झूठा आश्वासन हुआ। पूर्ववर्ती बहुजन समाज पार्टी और समाजवादी पार्टी की सरकारों ने भी इनको नागरिकता दिलवाने का दिलासा दिया पर, कुछ राजनैतिक अड़चनों के चलते वादा पूरा नही कर पाए। बीते 2022 के विधानसभा चुनाव में इनके साथ वादा किया गया था, जिसे अब पूरा किया गया। प्रदेश सरकार की पहल पर सभी पीड़ित परिवारों को सूचीबद्ध करके नागरिकता और मालिकाना के प्रमाण बांटे गए हैं । नागरिकता करीब 2500 परिवारों को दी गई हैं जिनकी कुल संख्या 15 हजार के आसपार है। ऐसा करके सरकार ने शायद विपक्षी दलों को बड़ा सियासी मुद्दा बैठे-बिठाए थमा दिया है। ये लोग वर्ष 1960 से 1975 के बीच धार्मिक प्रताड़ना के चलते पूर्वी बंगालादेश जो अब पूर्वी पाकिस्तान का हिस्सा है, से भारत आए थे और उत्तर प्रदेश के तराई के जिले पीलीभीत में आकर बसे। ये क्षेत्र पीलीभीत जिले की कलीनगर व पूरनपुर तहसीलों में आते हैं जहां ये करीब 25-26 गांवों में बसे हैं। पिछले महीने 29 जून को सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जिले में दौरा हुआ जिसमें मुख्यमंत्री ने इनको ना सिर्फ नागरिकता के प्रमाण पत्र बांटे, बल्कि मालिकाना हक के सरकारी कागज भी दिए।

# प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना से मत्स्य पालन को नई दिशा

उत्तर प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में कृषि के साथ-साथ मत्स्य पालन भी किसानों की आय बढ़ाने का महत्वपूर्ण माध्यम बनता जा रहा है। तालाब, जलाशय और अन्य जल संसाधनों की उपलब्धता को देखते हुए प्रदेश में मत्स्य पालन के क्षेत्र में व्यापक संभावनाएं हैं। यदि आधुनिक तकनीक, बेहतर मत्स्य बीज, वैज्ञानिक प्रबंधन और बाजार की सुविधाएं उपलब्ध हों तो मत्स्य पालन ग्रामीण परिवारों के लिए स्थायी और लाभकारी व्यवसाय का रूप ले सकता है। इसी उद्देश्य से केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के माध्यम से मत्स्य क्षेत्र के विकास को गति दी जा रही है। योजना के अंतर्गत लाभार्थीपरक और अलाभार्थीपरक दोनों प्रकार की परियोजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन परियोजनाओं का उद्देश्य मत्स्य उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ मत्स्य पालकों को आधुनिक तकनीक, आधारभूत सुविधाएं और बेहतर बाजार उपलब्ध कराना है।

इनलैंड सेक्टर में बढ़ा आधुनिक मत्स्य पालन का दायरा

प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत इनलैंड सेक्टर में 31 परियोजनाओं का संचालन किया गया है। इन परियोजनाओं के माध्यम से प्रदेश में मत्स्य पालन से जुड़े आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के साथ किसानों और मत्स्य पालकों को आधुनिक उत्पादन प्रणालियों से जोड़ा जा रहा है। इस योजना के तहत लगभग 2,763 हेक्टेयर क्षेत्र में तालाब निर्माण कराया गया है। इसके अलावा 482 हेक्टेयर में रियरिंग इकाइयां, 1,306 बायोफ्लॉक इकाइयां तथा 84 मत्स्य बीज हैचरियां स्थापित की गई हैं। इन आधुनिक तकनीकों के माध्यम से सीमित क्षेत्र और जल संसाधनों में भी अधिक मत्स्य उत्पादन की संभावनाएं बढ़ी हैं।

आधुनिक तकनीक से बढ़ रही उत्पादन क्षमता

मत्स्य पालन को वैज्ञानिक और तकनीकी आधार देने के लिए प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत 1,304 आरएएस इकाइयों तथा 5,151 बैकयार्ड आरएएस इकाइयों से संबंधित कार्य कराए जा रहे हैं। आरएएस जैसी आधुनिक तकनीक में पानी का पुनर्चक्रण कर कम जल में मत्स्य पालन किया जा सकता है। इससे जल की बचत के साथ उत्पादन क्षमता बढ़ाने में भी सहायता मिलती है। इसी प्रकार बायोफ्लॉक तकनीक कम स्थान और सीमित जल संसाधनों में मत्स्य उत्पादन के लिए उपयोगी साबित हो रही है। इन तकनीकों के विस्तार से युवा किसान और नए उद्यमी भी मत्स्य पालन को व्यवसाय के रूप में अपनाने के लिए प्रोत्साहित हो रहे हैं। मत्स्य उत्पादों को बाजार तक सुरक्षित और समयबद्ध तरीके से पहुंचाना मत्स्य पालन की सफलता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए योजना के तहत 66 इंसुलेटेड व्हीकल, 550 मोटरसाइकिल, 144 थ्री-व्हीलर तथा 2,727 साइकिल जैसी परिवहन सुविधाओं से संबंधित कार्य कराए जा रहे हैं। इसके साथ ही 181 जिंदा मछली विक्रय केन्द्र विकसित किए जा रहे हैं। इन सुविधाओं से मत्स्य पालकों को अपने उत्पादों के विपणन में सहायता मिलेगी और उपभोक्ताओं तक ताजी मछली पहुंचाने की व्यवस्था मजबूत होगी।

फीड मिल और मोबाइल लैब से मजबूत होगी व्यवस्था

मत्स्य पालन में गुणवत्तापूर्ण आहार और वैज्ञानिक जांच की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। योजना के तहत 235 फीड मिल तथा 09 मोबाइल लैब से संबंधित कार्य भी कराए जा रहे हैं। इससे मत्स्य पालकों को बेहतर गुणवत्ता वाले फीड की उपलब्धता तथा मत्स्य स्वास्थ्य और जल गुणवत्ता की जांच जैसी सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

## जरा हटके

## कार्यशील पूंजी की...

डॉ0 सीमा गुप्ता

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान से संवर रहा प्रदेश के युवाओं का भविष्य

प्रदेश सरकार द्वारा युवाओं को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से संचालित महत्वाकांक्षी योजनाएं जमीनी स्तर पर सकारात्मक परिणाम दे रही हैं। राज्य के शिक्षित, कुशल और ऊर्जावान युवाओं को रोजगार प्रदाता बनाने के संकल्प के साथ शुरू की गई योजनाएं आर्थिक और सामाजिक परिदृश्य में व्यापक बदलाव ला रही हैं। सूक्ष्म उद्यमों का सशक्त नेटवर्क तैयार कर राज्य को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में इन पहलों की महत्वपूर्ण भूमिका रेखांकित हो रही है।

जनपद फिरोजाबाद में शासकीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन युवाओं के जीवन में बड़ा बदलाव ला रहा है। विपरीत परिस्थितियों और संसाधनों के अभाव से जूझ रहे कर्मठ युवाओं को जब प्रशासनिक व्यवस्था और वित्तीय योजनाओं का सहारा मिलता है, तो वे न केवल अपने पैरों पर खड़े होते हैं बल्कि दूसरों के लिए भी प्रेरणा बनते हैं। जनपद फिरोजाबाद के युवा उद्यमी मनीष कुमार की संघर्ष और सफलता की यात्रा इसी बदलाव की एक मिसाल है।

अल्पायु में ही माता-पिता का साया सिर से उठ जाने और पारिवारिक संबल समाप्त हो जाने के बाद मनीष कुमार के समक्ष आजीविका का गंभीर संकट उत्पन्न हो गया था। पारिवारिक जिम्मेदारियों और आर्थिक अभावों के बीच उन्होंने हार मानने के बजाय अपनी पैतृक भूमि पर एक छोटे स्तर का भोजनालय आरंभ करने का निर्णय लिया। प्रारंभिक दौर में पूंजी और आवश्यक उपकरणों के अभाव के कारण व्यवसाय को गति देना अत्यंत कठिन था। संसाधनों के अभाव के कारण मनीष को दैनिक उपयोग की सामग्री और राशन की खरीद सीमित रखनी पड़ती थी, जिससे लागत अधिक आती थी। फ्रीजर की समुचित व्यवस्था न होने से खाद्य पदार्थों के संरक्षण में निरंतर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। इससे न केवल आर्थिक नुकसान होता था, बल्कि ग्राहकों को अपेक्षित सुविधाएं प्रदान करना भी चुनौतीपूर्ण बना हुआ था। कठिन परिस्थितियों के बीच प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान से प्राप्त सहायता मनीष के व्यवसाय के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुई। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन और वित्तीय तंत्र के सहयोग से मनीष को प्रथम चरण के अंतर्गत पांच लाख रुपये की ब्याज मुक्त वित्तीय सहायता स्वीकृत की गई। इस पूंजीगत सहयोग ने मनीष के लिए भोजनालय के संचालन और स्वरूप में व्यापक सुधार का मार्ग प्रशस्त किया।

स्वीकृत ऋण राशि से मनीष ने आधुनिक फ्रीजर उपकरण क्रय किए, जिससे दुग्ध उत्पादों और अन्य शीघ्र खराब होने वाली सामग्रियों का सुरक्षित भंडारण संभव हो सका। इसके साथ ही भोजनालय में आधुनिक फर्नीचर, उत्तम बैठने की व्यवस्था और स्वच्छ बर्तनों की समुचित व्यवस्था की गई। इस आधुनिकीकरण से भोजनालय का परिवेश अधिक व्यवस्थित और ग्राहक-अनुकूल बन गया।

कार्यशील पूंजी की उपलब्धता से मनीष को दैनिक आधार पर सामग्री क्रय करने की बाध्यता से मुक्ति मिली। अब वे खाद्य सामग्री और राशन का थोक क्रय करने में सक्षम हैं, जिससे परिचालन लागत में उल्लेखनीय कमी आई है और समय की भी बचत हो रही है। इस आर्थिक संबल ने उनके उद्यम को स्थिरता प्रदान करते हुए लाभप्रदता में ठोस वृद्धि की है।

आज मनीष का यह उद्यम सुचारू और व्यवस्थित रूप से संचालित हो रहा है। वे न केवल सम्मानजनक आजीविका अर्जित कर रहे हैं, बल्कि जनपद के अन्य युवाओं को भी स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। प्रदेश में मनीष जैसे हजारों युवक अब तक इस योजना का लाभ प्राप्त कर चुके हैं।

राज्य स्तर पर संचालित यह योजना आगामी एक दशक में 10 लाख नए सूक्ष्म उद्यम स्थापित कर युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लक्ष्य पर कार्य कर रही है। इसके तहत प्रतिवर्ष एक लाख सूक्ष्म इकाइयों की स्थापना का लक्ष्य निर्धारित है। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में स्वरोजगार के व्यापक अवसर सृजित कर स्थानीय स्तर पर आर्थिक समृद्धि को बढ़ावा दिया जा रहा है। योजना का वित्तीय ढांचा पूर्णतः पारदर्शी और युवा-अनुकूल बनाया गया है। प्रथम चरण में उद्योग और सेवा क्षेत्र में नवीन सूक्ष्म इकाई की स्थापना हेतु पांच लाख रुपये तक की परियोजनाओं पर शत-प्रतिशत ब्याज मुक्त ऋण की व्यवस्था है। इस चरण के ऋण पर प्रदेश सरकार द्वारा चार वर्षों तक पूर्ण ब्याज अनुदान वहन किया जाता है।

युवा उद्यमियों को वित्तीय बाधाओं से मुक्त रखने के उद्देश्य से किसी भी प्रकार की बैंक गारंटी या बंधक की बाध्यता को समाप्त किया गया है। केंद्र सरकार द्वारा संचालित ऋण गारंटी निधि के माध्यम से सुरक्षा तंत्र सुनिश्चित किया गया है, जिससे बिना किसी संपत्ति को गिरवी रखे पात्र युवाओं को सुगमता से पूंजी उपलब्ध हो रही है।

योजना के अंतर्गत चरणबद्ध विकास का मॉडल लागू किया गया है। प्रथम चरण के ऋण का समयबद्ध और सफल पुनर्भुगतान करने वाले उद्यमियों को व्यवसाय विस्तार एवं आधुनिकीकरण हेतु द्वितीय चरण में 10 लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता का प्रावधान है। इस चरण में भी तीन वर्षों के लिए ब्याज पर 50 प्रतिशत तक का शासकीय अनुदान प्रदान किया जाता है। आधुनिक अर्थव्यवस्था और वित्तीय शुचिता को बढ़ावा देने के लिए व्यापार में डिजिटल लेन-देन को योजना से जोड़ा गया है। डिजिटल माध्यमों से किए जाने वाले भुगतानों पर विशेष प्रोत्साहन का प्रावधान है, जिससे सूक्ष्म उद्यमी आधुनिक वित्तीय प्रणालियों को सहजता से अपनाने के लिए प्रेरित हो रहे हैं। पात्रता के मानकों को अत्यंत समावेशी रखते हुए 21 से 40 वर्ष आयु वर्ग के न्यूनतम आठवीं उत्तीर्ण मूल निवासियों को योजना के दायरे में लाया गया है। तकनीकी एवं व्यावहारिक दक्षता को प्राथमिकता देते हुए राजकीय अथवा मान्यता प्राप्त संस्थानों से कौशल प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थियों को चयन में विशेष वरीयता दी जा रही है। आवेदन की प्रक्रिया से लेकर स्वीकृति और ऋण वितरण तक के सभी चरणों को ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से पूर्णतः पेपरलेस और पारदर्शी बनाया गया है।

## 10,000 से 18,000 रुपये तक के वेतन पर नौकरी, कानपुर नगर 149 चयन के साथ टॉप पर

# 75 जिलों के 1,559 दिव्यांगजनों को मिला रोजगार और स्वरोजगार



योजना

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। योगी सरकार दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर और सम्मानजनक जीवन देने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा मिशन निदेशक पुलकित खरे के निर्देशन में 3 से 13 अगस्त तक चलाए गए 'दिव्यांगजन रोजगार अभियान 3.0' ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। 75 जिलों में 11 दिन तक चले विशेष अभियान के दौरान प्रदेशभर में आयोजित रोजगार मेलों, प्लेसमेंट ड्राइव और स्वरोजगार गतिविधियों के माध्यम से 1,559 दिव्यांगजन रोजगार और स्वरोजगार से जुड़े।



अभियान के जरिए दिव्यांगजनों को नौकरी के अवसर देने के साथ-साथ उन्हें अपना रोजगार शुरू करने के लिए विभिन्न सरकारी योजनाओं और ऋण सुविधाओं से भी जोड़ा गया।

प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि योगी सरकार का संकल्प है कि प्रदेश का कोई भी दिव्यांगजन रोजगार से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन रोजगार अभियान केवल नौकरी देने का माध्यम नहीं, बल्कि दिव्यांग युवाओं को आत्मविश्वास, सम्मान और आत्मनिर्भरता के साथ आगे बढ़ने का अवसर देने की पहल है।

कौशल विकास मिशन के 'दिव्यांगजन रोजगार अभियान 3.0' में 538 दिव्यांग युवा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना से जुड़े

अभियान के दौरान बेहतर प्रदर्शन करने वाले जनपदों में कानपुर नगर सबसे आगे रहा, जहां 149 दिव्यांगजनों का चयन किया गया। इसके अलावा आजमगढ़ में 77, अमरोहा में 69, बरेली में 63 और सुलतानपुर में 56 दिव्यांगजन रोजगार एवं स्वरोजगार से जुड़े।

अभियान को प्रभावी बनाने के लिए जिला स्तर पर अधिकारियों और कर्मचारियों ने जरूरत पड़ने पर लाभार्थियों के घर तक पहुंचकर व्यक्तिगत काउंसिलिंग की। जिन दिव्यांगजनों से मोबाइल बंद होने या संपर्क न हो पाने के कारण बात नहीं हो सकी, उनसे होम विजिट के माध्यम से संपर्क किया गया।

### रोजगार मेलों का आयोजन

अभियान के तहत विभिन्न जनपदों में रोजगार कैंप, प्लेसमेंट ड्राइव और रोजगार मेलों का आयोजन किया गया। इनमें निजी क्षेत्र की कंपनियों ने भाग लेकर दिव्यांगजनों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए। कई कंपनियों ने मौके पर ही अभ्यर्थियों का चयन कर उन्हें जॉइनिंग लेटर प्रदान किए। हेल्थकेयर, फाइनेंस, इंश्योरेंस, टेलीकॉम सहित विभिन्न क्षेत्रों में डाटा एंट्री ऑपरेटर, कस्टमर सपोर्ट एक्जीक्यूटिव, हेल्थकेयर असिस्टेंट, ड्रेसर, टेलीकॉलर, मशीन ऑपरेटर, तकनीकी सहायक और हेल्पर जैसे पदों पर रोजगार के अवसर दिए गए। चयनित अभ्यर्थियों को लगभग 10,000 से 18,000 रुपये तक का मासिक वेतन ऑफर किया गया।

## कांवड़ियों पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा गूंजा हर-हर महादेव का जयघोष

### सावन के सोमवार और नागपंचमी का अद्भुत संयोग

तमसा संकेत, संवाददाता



- काशी में बाबा विश्वनाथ का अर्धनारीश्वर स्वरूप में हुआ विशेष श्रृंगार, दिव्य दर्शन कर भक्त भावविभोर
- बाराबंकी में भी श्रद्धालुओं का आकाश से पुष्पवर्षा कर अभिनंदन, प्रमुख शिवधामों में भारी भीड़

लखनऊ। श्रावण मास के तीसरे सोमवार को प्रदेश में आस्था और भक्ति का अद्भुत प्रवाह देखने को मिला। सावन के सोमवार और नागपंचमी का दुर्लभ संयोग होने के कारण श्री काशी विश्वनाथ धाम समेत प्रदेश के प्रमुख शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। बाबा विश्वनाथ के दर्शन और जलाभिषेक के लिए देश के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे श्रद्धालु भक्ति में सराबोर नजर आए। इस शुभ दिन कांवड़ियों एवं श्रद्धालुओं का पुष्पवर्षा कर श्रद्धा और भक्ति भाव से अभिनंदन किया गया। रामनगरी अयोध्या में भी शिवालयों में हर-हर महादेव गूंजता रहा।

वाराणसी में सुबह से ही बाबा के दरबार में श्रद्धालुओं की कतारें लगनी शुरू हो गईं। पहले पहर की मंगला आरती के साथ ही काशी मंगल ध्वनि से गूंज उठी। मंदिरों में घंटे-घड़ियाल, शंख और डमरुओं के निनाद से वातावरण शिवमय बना रहा। काशी की गलियों से लेकर श्री काशी विश्वनाथ धाम तक हर ओर 'हर-हर महादेव' और 'बोल बम' का जयघोष सुनाई देता रहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर हेलीकॉप्टर से कांवड़ियों और श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा की गई।

फास्ट न्यूज

### हजरतगंज में खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय में लगी आग

लखनऊ । लखनऊ में सोमवार सुबह करीब 10:30 बजे हजरतगंज स्थित खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय भवन में आग लग गई। धुंआ उठता देख मौके पर हड़कंप मच गया। कंट्रोल रूम हजरतगंज को एआरओ-आईपी के जरिए सूचना दी गई। इसके बाद अग्निशमन केंद्र हजरतगंज से दो दमकल गाड़ियां तत्काल मौके के लिए रवाना किए गए। दमकल कर्मियों के मौके पर पहुंचने पर भवन में ज्यादा धुआं भरा हुआ था।

### जनपद की पांचो तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 260 प्रकरण प्राप्त हुए

लखनऊ । जनपद लखनऊ की पांचों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किये गये । सम्पूर्ण समाधान दिवसो में तहसील सदर में 39 में से 04 प्रकरण का निस्तारण प्रकरण, तहसील मलिहाबाद में 26 में से 02 प्रकरण का निस्तारण, तहसील बी0के0टी0 में 56 में से 10 प्रकरण का निस्तारण, तहसील मोहनलाल-गंज में 104 में से 17 प्रकरण का निस्तारण तथा तहसील सरोजनीनगर में 35 में से 01 प्रकरण का निस्तारण मौके पर किया गया। शेष प्रकरणों को समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभागों को प्रेषित किए गये।

### कई इलाकों में ब्रेकडाउन से बिजली संकट

लखनऊ । लखनऊ में रविवार को बारिश के बाद शहर के कई इलाकों में बिजली सप्लाई व्यवस्था चरमरा गई। कहीं ट्रांसफार्मर खराब होने तो कहीं फीडर में ब्रेकडाउन के कारण घंटों बिजली गुल रही। लौलाई गांव के आसपास की सोसाइटियों में करीब 250 घरों की बिजली शनिवार रात 10 बजे से बंद रही। करीब 18 घंटे बाद भी आपूर्ति बहाल नहीं होने से लोगों को बिजली के साथ पानी के संकट का भी सामना करना पड़ा।

## रूबी-उल-अव्वल पर पिरान कलियर शरीफ दरगाह पर चादर चढ़ाएंगे सपा नेता



तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की ओर से रूबी-उल-अव्वल के अवसर पर उत्तराखंड के रुड़की स्थित विश्व प्रसिद्ध पिरान कलियर शरीफ दरगाह पर चादर भेंट की जाएगी। पार्टी की ओर से यह चादर संत अलाउद्दीन अली अहमद साबरी की दरगाह पर पेश की जाएगी।

सपा के वरिष्ठ नेता माजिद सिद्दीकी मुजफ्फरनगर, सूफी कमालउद्दीन खुशहाल साहब, हाजी अकील साबरी, सम्भल सहित अन्य सूफी संतों के साथ दरगाह पर चादर भेंट करेंगे। इस दौरान रूबी-उल-अव्वल के मौके पर अमन, भाईचारे और सामाजिक सौहार्द की भावना का संदेश दिया जाएगा।

इस अवसर पर एमएच सिद्दीकी और सलीमुद्दीन खान भी मौजूद रहेंगे। समाजवादी पार्टी की ओर से जारी बयान में बताया गया कि रूबी-उल-अव्वल के अवसर पर पिरान कलियर शरीफ दरगाह पर चादर पेश करने की यह रस्म अखिलेश यादव की ओर से की जा रही है।

## विकासनगर में सड़क धंसी, आवाजाही बंद, जानकीपुरम, फैजुल्लागंज में 3 फीट पानी

# लखनऊ नगर निगम की छत से टपकने लगा पानी

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ में लगातार दूसरे दिन रुक-रुककर झमाझम बारिश से नगर निगम के ऑफिस की छत से पानी टपकने लगा है। विकासनगर में गुलाचीन मंदिर की सड़क धंस गई है। पुलिस ने बैरिकेडिंग कर आवाजाही बंद करा दी है। उर्मिला वन के सामने वाली सड़क भी धंसी है। जानकीपुरम और फैजुल्लागंज इलाके की गलियों में 3 फीट तक पानी भरा हुआ है।

गोमतीनगर, अलीगंज, बंथरा, चौक, ठाकुरगंज की हर कॉलोनी की गलियां नदी बन गई हैं। शहर के कई पावर हाउसों में ब्रेकडाउन से बिजली कटौती भी बनी हुई है। उधर, बारिश के बीच विधानसभा के आसपास, हजरतगंज, हुसैनगंज, टेढ़ी पुलिया, कुर्सी रोड, अलीगंज, पुरानिया में जाम की स्थिति है।



मुंशी पुलिया से पॉलिटेक्निक चौराहा और यहां से कमता तिराहे तक भीषण जाम लगा है। पॉलिटेक्निक चौराहे पर जाम में एंबुलेंस भी फंसी रही।

कई चौराहों से ट्रैफिक पुलिस नदारद दिखी। शहर में ई-रिक्शा और ऑटो के अतिक्रमण के चलते जाम की स्थिति विकट हो गई है। मौसम विभाग ने आज सोमवार पूरे दिन बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा 18 और 19 अगस्त को भी बारिश का अलर्ट है। पिछले 24 घंटे में शहर में 8.8 मिमी बारिश रिकॉर्ड हुई है। इससे एक दिन पहले 15 अगस्त को इस सीजन की एक दिन में सबसे ज्यादा 40.9 मिलीमीटर बारिश हुई थी।





### विकासनगर में दो दिन बाद फिर धंसी सड़क

स्थानीय दुकानदार सलमान ने बताया कि करीब दो महीने पहले भी यह सड़क धंस गई थी, जिसके बाद इसकी मरम्मत का काम शुरू हुआ था। दो दिन पहले ही सड़क पर दोबारा आवागमन शुरू हुआ था, लेकिन रविवार देर रात यह फिर धंस गई। सलमान के मुताबिक, सोमवार सुबह जब वे दुकान पहुंचे तो पूरा रास्ता धंसा हुआ था और आवागमन बंद था। इसके बाद अलग-अलग विभागों के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और सड़क की मरम्मत का काम शुरू किया।

करीब दो महीने से रास्ता बंद होने के कारण स्थानीय लोगों को घूमकर आना-जाना पड़ रहा है। इसका सबसे ज्यादा असर आसपास के व्यापारियों पर पड़ रहा है।

इस पूरे मानसून सीजन में लखनऊ में 349.9 मिलीमीटर बारिश हुई। जबकि, सामान्य बारिश का औसत 438.5 मिलीमीटर है।

## पीआरडी जवानों के लिए 3000 रुपये वर्दी भत्ता की धनराशि उनके खातों में भेजेंगे

# पीआरडी जवानों पर मंगलवार को उपहारों की बारिश करेंगे योगी

- मंगलवार को गोरखपुर के योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में पीआरडी जवानों के सम्मेलन को संबोधित करेंगे मुख्यमंत्री
- कैशलेस चिकित्सा सुविधा कार्ड का वितरण कर 'मुख्यमंत्री पीआरडी परिवार कल्याण योजना' का शुभारंभ करेंगे सीएम
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रिमोट का बटन दबाकर लखनऊ में बनने वाले बहुमंजिला पीआरडी बैरक का शिलान्यास भी करेंगे



तमसा संकेत, संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार (18 अगस्त) को गोरखपुर से प्रदेशभर के पीआरडी (प्रांतीय रक्षक दल) जवानों पर उपहारों की बौछार करेंगे। योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में आयोजित पीआरडी जवानों के सम्मेलन को संबोधित करने के साथ-साथ मुख्यमंत्री इन जवानों के लिए 3000 रुपये वर्दी भत्ता की धनराशि उनके खातों में अंतरित करेंगे। इसके साथ ही वह पीआरडी स्वयंसेवकों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा कार्ड का वितरण कर 'मुख्यमंत्री पीआरडी परिवार कल्याण योजना' का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर रिमोट का बटन दबाकर लखनऊ में बनने वाले बहुमंजिला पीआरडी बैरक का शिलान्यास भी करेंगे। पीआरडी जवानों के कल्याण के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सदैव संवेदनशील पहल करते रहे हैं। इन जवानों का ड्यूटी भत्ता बढ़ाने का श्रेय भी सीएम योगी को ही है। पहले इन जवानों को 395 रुपये ड्यूटी भत्ता मिलता था जिसे योगी सरकार ने बढ़ाकर 500 रुपये प्रतिदिन कर दिया। अब सरकार उनका वर्दी भत्ता भी बढ़ा रही है। साथ ही इलाज संबंधी चिंताओं से मुक्त करते हुए जवानों को कैशलेस चिकित्सा कार्ड भी उपलब्ध होने जा रहा है। वृद्धि के साथ वर्दी भत्ता की धनराशि का बैंक खातों में अंतरण और कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरण का शुभारंभ मंगलवार (18 अगस्त) को पूर्वाह्न 11 बजे से गोरखपुर में आयोजित पीआरडी जवान सम्मेलन में सीएम योगी द्वारा किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि 1948 में गठित प्रांतीय रक्षक दल के जवान (स्वयंसेवक) थानों, यातायात व्यवस्था में पुलिस का सहयोग करने के साथ विभिन्न शासकीय कार्यालयों, धार्मिक स्थलों और बड़े आयोजनों में ड्यूटी कर सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाने रखने में सहयोग करते हैं। पर, योगी सरकार से पहले ये जवान उपेक्षा के शिकार बने रहते थे।

### पांचों तहसीलों में 260 शिकायतें, 34 का निस्तारण

लखनऊ । लखनऊ की पांचों तहसीलों में सोमवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 260 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनमें से 34 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को समय से सॉल्व करने के लिए संबंधित विभागों को भेज दिया गया। तहसील मोहनलाल-गंज में सबसे ज्यादा 104 शिकायतें पहुंचीं। इनमें से 17 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया। BKT तहसील में 56 में से 10, सदर तहसील में 39 में से 4, मलिहाबाद में 26 में से 2 और सरोजनीनगर तहसील में 35 में से 1 मामले का मौके पर समाधान हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व से संबंधित 147 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इसके अलावा पुलिस से जुड़े 35, विकास विभाग से 19, शिक्षा से 3, स्वास्थ्य से 1, समाज कल्याण से 5 और नगर निगम से 3 शिकायतें आईं। राजस्व एवं पुलिस से संयुक्त रूप से संबंधित 1 प्रकरण भी प्राप्त हुआ।

# वंदे मातरम् के अपमान पर विहिप का प्रदर्शन

### कांग्रेस नेताओं के पुतले को जूतों से पीटा

तमसा संकेत, एजेंसी



लखनऊ । लखनऊ में सोमवार को 5:22 बजे विश्व हिंदू परिषद (VHP) के कार्यकर्ताओं ने हजरतगंज चौराहे पर कांग्रेस के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी के पुतले फूंके। VHP ने कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व पर राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के अपमान का आरोप लगाया।

VHP कार्यकर्ता कांग्रेस नेताओं के पुतले लेकर विरोध मार्च निकालते हुए हजरतगंज चौराहे पर पहुंचे। यहां उन्होंने कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी की और पुतलों पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। इस दौरान कुछ प्रदर्शनकारियों ने पुतलों को जूतों से भी पीटा।

प्रदर्शनकारियों ने 'राष्ट्र गीत का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान' के नारे लगाए। करीब 40 मिनट तक चौराहे पर नारेबाजी और हंगामा चलता रहा।

प्रदर्शन कर रहे एसके सिंह ने कहा कि वंदे मातरम् के सम्मान में हम लोग सड़क पर उतरे हैं। किसी भी हाल में राष्ट्रगीत का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस पर कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने जो कृत्य किया है, उसे देश कभी माफ नहीं करेगा।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की हमेशा देश विरोधी सोच रही है।

## प्रदर्शन : ग्राम पंचायत अधिकारी अभ्यर्थी बोले- प्रक्रिया पूरी फिर रिजल्ट में देरी क्यों ?

# यूपीएसएसएससी भवन का बारिश में भीगते हुए घेराव

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ में सोमवार को ग्राम पंचायत अधिकारी भर्ती-2022 के अभ्यर्थियों ने UPSSSC भवन का घेराव कर प्रदर्शन किया। प्रदेश के अलग-अलग जिलों से पहुंचे अभ्यर्थी बारिश में भीगते हुए करीब आधे घंटे तक नारेबाजी करते रहे। पुलिस और प्रशासन की टीम ने समझा-बुझाकर प्रदर्शन खत्म कराया। अभ्यर्थी भर्ती का फाइनल रिजल्ट जारी करने की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि भर्ती प्रक्रिया के तहत लिखित परीक्षा और अभिलेख सत्यापन समेत सभी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, इसके बावजूद परिणाम जारी नहीं किया जा रहा है। अभ्यर्थी राघवेंद्र सिंह ने बताया कि 2022 में भर्ती का विज्ञापन जारी हुआ था और 2023 में आवेदन लिए गए। सभी जरूरी प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी फाइनल रिजल्ट का इंतजार है। अभ्यर्थियों का कहना है कि उन्हें बार-बार प्रदेशभर से लखनऊ आना पड़ रहा है। इससे पहले 21 जुलाई को अभ्यर्थियों ने डिप्टी सीएम बृजेश पाठक के आवास का भी घेराव किया था। उन्होंने आयोग से जल्द परिणाम जारी करने की मांग की।




### 2022 में आई थी वैकेंसी

अभ्यर्थी राघवेंद्र सिंह ने बताया कि PET के जरिये 2022 में वैकेंसी आई थी। ग्राम पंचायत अधिकारी के 1468 पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया 2023 में शुरू हुई थी। हजारों अभ्यर्थियों ने भर्ती में आवेदन किया। 27 अप्रैल 2025 को लिखित परीक्षा भी आयोजित हो चुकी है। पात्र अभ्यर्थियों के अभिलेख सत्यापन की प्रक्रिया अप्रैल-मई तक पूरी कर ली गई थी। फिर भी अब तक फाइनल परिणाम जारी नहीं किए गए हैं। परिणाम में हो रही देरी की वजह से अभ्यर्थियों में नाराजगी है।

### 'लोन लेकर पढ़ाई किया'

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि नौकरी हम लोगों के लिए बेहद जरूरी है। परिवार की तमाम उम्मीदें हमारे ऊपर टिकी हुई है। जब तक जॉइनिंग नहीं हो जाती हम सभी लोगों कि गिनती बेरोजगारों में होती रहेगी। बहुत सारे ऐसे अभ्यर्थी है जिन्होंने लोन लेकर पढ़ाई किया या कर्जा लिया है। ऐसे में उन्हें अपना लोन भी चुकाना है। अगर नियुक्ति मिल जाए तो तमाम समस्याओं का समाधान हो जाए।

## 8,750 से अधिक श्रद्धालु कर चुके रामलला के दर्शन

# 62वीं रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा सम्पन्न

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की पहल से ग्राम भागुखेड़ा, पोस्ट जैतीखेड़ा से निकली 62वीं रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न हुई। यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने अयोध्या धाम पहुंचकर प्रभु श्रीरामलला के दर्शन किए और हनुमानगढ़ी सहित प्रमुख धार्मिक स्थलों पर पूजा-अर्चना की।

डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा वरिष्ठ नागरिकों, मातृशक्ति और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के श्रद्धालुओं को निःशुल्क अयोध्या धाम की यात्रा कराने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। 27 सितंबर 2022 को उनकी पूज्य माताजी स्वर्गीय श्रीमती तारा सिंह की स्मृति में शुरू हुई इस पहल के तहत अब तक 8,750 से अधिक श्रद्धालु अयोध्या पहुंचकर श्रीरामलला के दर्शन कर चुके हैं।





डॉ. राजेश्वर सिंह के अनुसार, रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा का उद्देश्य केवल तीर्थ दर्शन कराना नहीं, बल्कि भगवान श्रीराम के मर्यादा, सेवा, त्याग और कर्तव्य के आदर्शों को समाज तक पहुंचाना भी है। यह अभियान बुजुर्गों के सम्मान, सेवा, संस्कार और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने का माध्यम बन रहा है। आयोजकों ने कहा कि सरोजनीनगर में रामभक्ति, सेवा और समरसता की इस परंपरा को निरंतर आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया है।

यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के लिए जलपान, भोजन और चिकित्सा सहायता समेत आवश्यक व्यवस्थाएं की गईं। श्रद्धालुओं ने सरयू में स्नान कर हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन किया। उन्हें रामचरितमानस, श्रीमद्भगवद्गीता और प्रसाद भी भेंट किया गया। जय श्रीराम के उद्घोष से यात्रा का माहौल भक्तिमय बना रहा।

### केजीएमयू में 2 दिन बाद खुली ओपीडी, फिर बैठा सर्वर

लखनऊ। लखनऊ के किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी में दो दिन की छुट्टी के बाद सोमवार को खुली ओपीडी में मरीजों को एक बार फिर सर्वर की समस्या से जूझना पड़ा।

नाम संशोधन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरा सही नाम माही गुप्ता पुत्री रामअवतार गुप्ता है, जो कि मेरे शैक्षिक अभिलेखों में अंकित है त्रुटिवश मेरा आधार कार्ड संख्या 253951913932 में मेरा नाम आराध्या गुप्ता अंकित हो गया है, जो कि गलत है भविष्य में मेरा सही नाम माही गुप्ता पुत्री रामअवतार गुप्ता के नाम से जाना व पहचाना जाय एतद द्वारा प्रमाणित की उपरोक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकताओं मे स्वंय मेरे द्वारा पूर्ण की गयी है।

माही गुप्ता
पुत्री रामअवतार गुप्ता
1/1003 सेक्टर-जे.
जानकीपुरम विस्तार लखनऊ

### घर में मिले लहूलुहान शव, दूधिया पहुंचा तो खुलासा, दो दिन पहले आया था स्कूटी सवार

# इटावा में मां-बेटी की गला रेतकर हत्या

**खुलासा**

■ एसएसपी बृजेश श्रीवास्तव भी जांच के लिए पहुंचे। फॉरेंसिक टीम, डॉग स्क्वॉयड को बुलाया। दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। चारपाई पर मिली खून से सनी दराती जब्त की।

इटावा, एजेंसी

यूपी के इटावा में मां-बेटी की गला रेतकर हत्या कर दी गई। सोमवार सुबह 8 बजे घटना का खुलासा तब हुआ, जब दूध वाला घर में दूध देने पहुंचा। उसने काफी देर गेट खटखटाया पर दरवाजा नहीं खुला। दूधवाले ने महिला के नोएडा में कार्यरत पति को फोन किया। घर के पिछले हिस्से में जाकर अंदर झांका तो देखा कि मां पुष्पा देवी यादव (55) का शव आंगन में फर्श पर पड़ा है। बेटी निर्मला देवी उर्फ मंजू देवी (38) का शव 10 मीटर दूर कमरे में चारपाई पर था। चारपाई पर खून से सनी दराती पड़ी थी। मां निर्मला के शव को कमरे से घसीटकर आंगन तक लाया गया था। कमरे से आंगन तक खून की धार फैली मिली।




बेटी निर्मला का ससुराल से 5 साल से विवाद चल रहा था। शादी के 4 महीने बाद ही पति और देवरों ने पीटकर मायके भेज दिया था। तब से मां के साथ ही रह रही थी। तलाक का केस भी चल रहा था। 3 अगस्त 2026 को ही कोर्ट ने पति को 7 हजार रुपए प्रति महीना भरण-पोषण भत्ता देने का आदेश दिया था। पड़ोसियों ने बताया- 14 और 15 अगस्त को एक युवक को स्कूटी से आते-जाते देखा था। 15 अगस्त के बाद से घर में कोई हलचल नहीं थी। आशंका है कि निर्मला के ससुराल वालों ने ही डबल मर्डर को अंजाम दिया।

### पड़ोसी बोले दो दिन पहले स्कूटी सवार घर आता दिखा था

पुलिस पूछताछ में पड़ोसियों ने बताया- 15 अगस्त की रात 9 बजे स्कूटी सवार को आखिरी बार घर के बाहर देखा गया था। इसके बाद से न तो युवक दिखाई दिया और न ही घर से कोई हलचल सुनाई दी।

मृतका निर्मला देवी उर्फ मंजू यादव की साल 2021 में मैनपुरी के किशनी थाना क्षेत्र में सतेन्द्र कुमार उर्फ मन्नी से हुई थी। निर्मला की कोई संतान नहीं है।



■ बेटी निर्मला का शव 10 मीटर दूर कमरे में चारपाई पर मिला। पास में खून से सनी दराती भी पड़ी थी।

### हत्या के इरादे से ही आया था हमलावर- एसएसपी

एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया– घर के अंदर किसी सामान से छेड़छाड़ नहीं मिली है। प्रथम दृष्टया मामला लूट के लिए हत्या का नहीं लग रहा है। निर्मला के ससुराल से विवाद के प्रमुख एंगल से जांच की जा रही है। मुकदमे से जुड़े लोगों और परिवार के परिचितों से भी जानकारी जुटाई जा रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक रिपोर्ट से जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

### एक दिन पहले भी आया था, पर नहीं खुला था गेट

राजीव ने बताया- वह रविवार सुबह दूध देने पहुंचा था, पर तब भी गेट नहीं खुला था। इसके बाद रविवार शाम 5 बजे दोबारा गया तो भी काफी खटखटाने के बावजूद गेट नहीं खुला था। इसीलिए उसे अनहोनी की आशंका हुई।

# गाजीपुर में गंगा नदी में डूबकर दो दोस्तों की मौत

## सावन के सोमवार पर नहाने गए थे

तमसा संकेत, एजेंसी

मुहम्मदावाद (गाजीपुर) । गाजीपुर में गौसपुर गायत्री गंगा घाट पर सोमवार की सुबह नहाने गए तीन दोस्त गहरे पानी में डूब गए। घाट पर मौजूद नाविकों ने एक युवक को सकुशल बाहर निकाल लिया। जबकि दो युवक नदी की लहरों में समा गए। स्थानीय गोताखोरों ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद दोनों को पानी से बाहर निकाला। गंभीर हालत में उन्हें एंबुलेंस से जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। यह पूरा मामला मुहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र का है।

मृतकों की पहचान मुहम्मदाबाद नगर के शैव टोला निवासी अरुण पांडेय और गुलशन कुशवाहा के रूप में हुई है। दोनों अपने साथी और गुलशन के रिश्तेदार टोडरपुर निवासी शिवम कुशवाहा के साथ सोमवार सुबह गंगा नहाने गौसपुर के गायत्री गंगा घाट पहुंचे थे। इसी दौरान पैर फिसलने से तीनों गहरे पानी में चले गए। घाट पर मौजूद नाविकों ने शिवम को डूबते देखा तो उसका हाथ पकड़कर बाहर निकाल लिया। कुछ देर बाद सामान्य होने पर शिवम ने अरुण और गुलशन के भी डूबने की जानकारी दी।




इसके बाद घाट पर मौजूद गोताखोर दोनों युवकों की तलाश में जुट गए। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद दोनों को पानी से बाहर निकाला गया।

**फास्ट न्यूज**

### सुहागरात के 5वें दिन लुटेरी दुल्हन फरार

आगरा। आगरा में लुटेरी दुल्हन शादी के 5वें दिन बाद ससुराल से लाखों रुपए का माल पार कर फरार हो गई। घरवालों ने उसकी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। बिचौलियों को फोन किया तो उसने लड़की को गायब करने के केस में फंसाने की धमकी दी। थाने पर शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। अब कोर्ट के आदेश पर एफआई-आर दर्ज की गई है। आगरा के आवास विकास कॉलोनी सेक्टर 14 निवासी गुड्डी देवी ने बताया कि उनके तीन बेटे हैं।

### कानपुर डीएम का प्राइमरी स्कूल में औचक निरीक्षण

कानपुर । कानपुर डीएम जितेन्द्र प्रताप सिंह ने सोमवार को गंगा किनारे कटरी के प्राथमिक विद्यालय लोधवा खेड़ा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान स्कूल में तैनात 5 शिक्षकों में से 4 नदारद मिले, केवल शिक्षामित्र महेश प्रसाद मौजूद थे। इसके साथ ही स्कूल में 106 में से महज 3 बच्चे मौजूद मिले। डीएम ने विद्यालय में शिक्षक एवं विद्यार्थियों की अत्यंत कम उपस्थिति पर कड़ा रुख अपनाते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी (BEO) का वेतन रोकने और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से स्पष्टीकरण तलब करने का आदेश दिया।

### आगरा में हिंदू नेताओं ने मेहताब बाग में की पूजा-अर्चना

आगरा । आगरा में सावन के तीसरे सोमवार को अखिल भारत हिंदू महासभा के कार्यकर्ता मेहताब बाग पहुंचे। यहां यमुना किनारे से ताजमहल को तेजो महालय मानते हुए धार्मिक कार्यक्रम किया गया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अज्जू चौहान ने आरती उतारी, जबकि मनीष पंडित ने गंगाजल अर्पित किया। कार्यकर्ताओं ने शिव चालीसा का पाठ किया ।

# 16 रुपए की सेल का ऑफर देने वाले 2 गिरफ्तार

## रईस आलम ने कहा- लोग हुड़दंग करने लगे थे

तमसा संकेत, एजेंसी

कानपुर। कानपुर के अनवरगंज की आलम मार्केट में 15-16 अगस्त की रात 16 रुपये की सेल के दौरान मची भगदड़ के मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार शाम मैकूलाल चौराहे के पास से सलमान आलम और रईस आलम को गिरफ्तार किया। इधर, घटना में घायल लोगों के वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आ रहे हैं।बातचीत में चश्मदीद ने पूरी घटना बताई कि आखिर रात में कुछ ही मिनटों में हालात कैसे बेकाबू हो गए। नौबस्ता से आलम मार्केट पहुंचे प्रांजुल वाजपेयी भी भगदड़ की चपेट में आ गए। उनके हाथ में फ्रैक्चर हो गया, जबकि सिर पर भी चोट आई है। प्रांजुल ने बताया कि उन्हें सोशल मीडिया के जरिए जानकारी मिली थी कि आलम मार्ट में 16 मिनट के लिए 16 रुपये में कपड़े और अन्य सामान मिल रहा है। इसी ऑफर के लिए खरीदारी करने के लिए वह आलम मार्केट पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंचने के बाद भीड़ लगातार बढ़ती गई। देखते ही देखते सड़क पर लोगों की संख्या इतनी ज्यादा हो गई कि निकलना मुश्किल हो गया। इसी दौरान पुलिस ने भीड़ को हटाने के लिए लाठियां पटकनी शुरू कर दीं। पुलिस की कार्रवाई के बाद लोग अचानक इधर-उधर भागने लगे। इसी वजह से भगदड़ जैसी स्थिति बन गई और कई लोग गिरकर घायल हो गए, जबकि कई लोग पुलिस की लाठी से घायल हुए हैं।



### वीडियो बनाकर शेयर करती क्यूआर कोड, मेरठ के एसएसपी ऑफिस में तैनात थी

# मुस्कान को अरेस्ट करने वाली महिला दरोगा सस्पेंड

तमसा संकेत, एजेंसी

मेरठ। मेरठ में पति के टुकड़े करने वाली मुस्कान को जिस महिला दरोगा ने गिरफ्तार किया था, उसे सस्पेंड किया गया है। महिला दरोगा से जुड़ा एक वीडियो रविवार को सोशल मीडिया पर सामने आया था। इसके बाद यह कार्रवाई की गई।

महिला दरोगा अनु मूलरूप से प्रयागराज की रहने वाली है। वह 2023 बैच की सब इंस्पेक्टर है। सौरभ हत्याकांड के समय अनु ब्रह्मपुरी थाने में तैनात थी। इसके बाद उसका ट्रांसफर एसएसपी ऑफिस में किया गया था। अनु को मेरठ में पहली पोस्टिंग रोहटा थाने में मिली थी।

यह वीडियो एनी कॉलिस का है, जो उत्तर प्रदेश पुलिस में सब इंस्पेक्टर हैं। इनके इंस्टाग्राम और यूट्यूब चैनल हैं। इन पर वह रील्स पोस्ट करती हैं। यूट्यूब चैनल पर कुछ आपत्तिजनक वीडियो भी आते हैं। साथ में QR कोड भी दिखाई देता है। बेसिकली, डोनेशन के लिए। परपज समझ रहे हैं ना आप?




उत्तर प्रदेश की जो यह वर्दी है, इसकी गरिमा का कुछ मैटर-वेटर अगर हो जाए। अब हमारे DGP साहब जो हैं, राजीव कृष्ण जी। मतलब, हमारा देश का सबसे इंपॉर्टेंट राज्य है। वन ऑफ द मोस्ट इंपॉर्टेंट राज्य उत्तर प्रदेश और उसकी पुलिस।

अगर किसी ने देख लिया सर। मैं कह रहा हूं, हरियाणा पुलिस वालों ने देख लिया कि भाई, रात को QR कोड चल रहे हैं उत्तर प्रदेश पुलिस के। मतलब, अंदर-अंदर व्हाट्सऐप ग्रुप पर खूब मजाक उड़ाते हैं।

आपका रूल्स एंड रेगुलेशन है ना। उनके अगेंस्ट स्टेप लेना चाहिए। पावर है, मतलब मेरे पास है नहीं, इसलिए मैं सब कुछ अलाउ करता हूं।

इंस्टाग्राम पे करिए, यूट्यूब पे भी कीजिए। बस वो क्या है कि वर्दी की थोड़ी सी गरिमा गिर जाती है।

योगी जी, राजीव कृष्ण जी, एक बात बताऊं मैं। एक सीधा सा सर्कुलर, एक नोटिफिकेशन निकाल दो कि पुलिस वाले या जो ब्यूरोक्रेट्स होते हैं ना, जो बड़े पदों पर हैं, जो अच्छे इंपॉर्टेंट, महत्वपूर्ण पदों पर हैं।

उनको सोशल मीडिया पर इस प्रकार के ड्रामे या सोशल मीडिया पर यह सब करना अलाउड नहीं होना चाहिए।

### यूट्यूबर दरोगा अनु की शिकायत करते हुए बोला- योगीजी वीडियो देखिए

एक यूट्यूबर युवक ने महिला दरोगा अनु के सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर शिकायत की थी। अपनी बात कहने के लिए उसने एक वीडियो भी जारी किया था। जिसमें वो कहता है योगी जी, नमस्ते। यार, आप चाहे कुछ भी कह लो, आप सबसे क्यूटेस्ट पर्सन हैं। योगी जी मेरे सबसे फेवरेट प्राइम मिनिस्टर हैं। मतलब मुंह से गलत निकल गया, बट आप सोचो, मैं सही जा रहा हूं ना। 29 नहीं तो क्या हुआ, 34। फुल सपोर्ट रहेगा सर मेरा।

सर, मैं आपको एक वीडियो दिखाना चाहता था। यह वीडियो देखो। मैं जानता हूं, योगी जी, गलत वीडियो है और आपका गुस्सा बनता है। आप बेसिकली इन सब चीजों में बिल्कुल भी ध्यान-व्यान नहीं देते हो।




■ यूट्यूबर ने कहा– वन ऑफ द मोस्ट इंपॉर्टेंट राज्य उत्तर प्रदेश और उसकी पुलिस।

### चाचा-भतीजे की मौत, मां गंभीर, सोते समय भरभराकर गिरी पड़ोसी की दीवार

# शाहजहांपुर में कच्ची दीवार का लेंटर पर गिरा मलबा

तमसा संकेत, एजेंसी

शाहजहांपुर। शाहजहांपुर में सिस्टम की लापरवाही से दो लोगों की जान चली गई। लेंटर गिरने से चाचा भतीजे की मौत हो गई। मृतकों की पहचान राजन और उनके भतीजे आरव की मौत हो गई। जबकि आरव की मां काजल गंभीर रूप से घायल हो गई। ये हादसा पड़ोस के रहने वाले राजाराम की कच्ची दीवार राजन के मकान पर गिरने से हुआ।

राजाराम का आरोप है कि उन्होंने चार बार प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए आवेदन किया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। पिछले दो साल से हताश होकर घर बैठ गए। इस हादसे के बाद पुलिस ने दोनो शवों का पंचनामा भरने की कार्रवाई शुरू कर दी। हादसे के बाद एसडीएम ने जांच के निर्देश दिए हैं।




थाना पुवायां क्षेत्र के मुड़िया कुर्मियात गांव में अरविंद अपनी पत्नी काजल, तीन साल के इकलौते बेटे आरव और 25 साल के भाई राजन के साथ रहते थे। अरविंद ई-रिक्शा चलाते हैं, सोमवार सुबह वह एक सवारी लेकर पुवायां आए थे। हादसा सुबह करीब नौ बजे का है। राजन और उनका भतीजा कमरे में सो रहे थे।

अरविंद की पत्नी काजल मकान के दूसरे हिस्से में सो रही थीं। तभी पड़ोस के रहने वाले राजाराम की कच्ची दीवार अचानक भरभराकर राजन के मकान के लेंटर पर गिर गई। राजन का मकान दीवार का भार सहे नही पाया और राजन का पूरा मकान गिर गया।

**एसडीएम सदानंद सरोज ने बताया - बरसात होने के कारण कच्ची दीवार मकान पर गिरी और उसके कारण लेंटर गिर गया। जिसमें दो लोगों की मौत हुई है। आवेदन के संबंध में जानकारी मिली है, जांच कराई जाएगी, जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।**



### राजाराम बोले- चार बार किया था आवेदन

राजाराम मेहनत मजदूरी करते हैं। उनके पास मात्र एक बीघा खेती है। वह पत्नी और चार बच्चों के साथ रहते हैं। उनका कच्चा मकान है। वह चार बार बंडा ब्लाक में आवेदन कर चुके हैं। उनका आरोप है कि पक्का मकान बनाने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवेदन किया था लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

दो साल पहले जब कुछ नहीं हुआ, आवास मिलने की कोई आस नहीं जगी तो थक हारकर बैठ गए। अब उन्होंने आवेदन करना भी बंद कर दिया था। उन्होंने कहा कि मेरे कच्चे मकान की दीवार राजन के मकान पर गिरी है। जिससे दो लोगों की जान चली गई।

# डबल-डेकर बस पलटने से 1 की मौत, 20 घायल

## आगरा में ड्राइवर को नींद की झपकी आने से हादसा

तमसा संकेत, एजेंसी

फतेहाबाद, आगरा । आगरा में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर रविवार देर रात करीब 2 बजे एक डबल डेकर बस नींद की झपकी आने से अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। इस हादसे में एक यात्री की मौत हो गई, जबकि करीब दो दर्जन लोग घायल हो गए। बस कानपुर से गुड़गांव जा रही थी।

मौके पर चीख-पुकार मच गई। राहगीरों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलने पर फतेहाबाद पुलिस, यूपीड़ा की टीम और 108 व 102 एंबुलेंस मौके पर पहुंचीं। पुलिस ने घायलों को बस के नीचे से निकालकर अस्पताल भिजवाया। दो घायलों की हालत गंभीर होने के चलते उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया।

पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।



हादसा जिला मुख्यालय से 29 किलोमीटर दूर फतेहाबाद थाना क्षेत्र में हुआ। फतेहाबाद थाना क्षेत्र में आगरा-लखनऊ हाइवे पर शताब्दी ट्रैवल्स की प्राइवेट डबल डेकर बस देर रात करीब 2 बजे अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। बस कानपुर की थी और कानपुर से गुड़गांव जा रही थी। बस में 40 से अधिक यात्री सवार थे। ड्राइवर को नींद की झपकी आने से बस बेकाबू होकर पुलिया के डिवाइडर से टकराई और पलट गई। नींद में सो रहे यात्रियों की अचानक हुए हादसे के बाद आंख खुल गई और चीख पुकार मच गई।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### नितिन की 'नवीन' ...

कुंवर बासित का प्रमोशन हुआ है। वे अभी तक यूपी भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष थे।

जातिगत समीकरण की बात करें तो सामान्य वर्ग से एक ब्राह्मण, एक पारसी, एक एससी, तीन ओबीसी (यादव, कुर्मी, मौर्य) को जगह मिली है।

उत्तर प्रदेश भाजपा के लिए सबसे महत्वपूर्ण राज्यों में है। 2027 में विधानसभा चुनाव होने हैं और 403 विधानसभा सीटों वाला यूपी देश का सबसे बड़ा विधानसभा वाला राज्य है। लोकसभा में भी यूपी की 80 सीटें हैं। ऐसे में राष्ट्रीय संगठन में यूपी के नेताओं की मौजूदगी का सीधा असर आने वाले विधानसभा चुनाव की रणनीति पर पड़ सकता है।

### 'युवा शक्ति को ...

आज जो लोग युवा-युवा करके चिल्ला रहे हैं, युवा इनके एजेंडे में कभी नहीं था, ये सिर्फ आपका गलत इस्तेमाल करना चाहते हैं.'

उन्होंने विपक्ष को निशाने पर लेते हुए आगे कहा, 'आपके हितों के लिए जब इनको मौका मिला था सत्ता में रहने का, तब इन्होंने आपके हितों के लिए कुछ नहीं किया, तब सब कुछ माफिया की गिरफ्त में डाल दिया.'

योगी आदित्यनाथ ने कहा, 'युवा शक्ति का सबसे बड़ा दुश्मन है माफिया प्रवृत्ति! वो शिक्षा माफिया हो, खेल माफिया हो या फिर पेशेवर माफिया, ड्रग माफिया हो या किसी भी फील्ड का माफिया. अगर वो माफिया प्रवृत्ति बढ़ेगी तो युवा शक्ति को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचेगा.'

उन्होंने जोर देकर कहा कि युवा शक्ति को इस खतरे से बचाने के लिए सकारात्मक सोच के साथ खेल संस्कृति को आगे बढ़ाना बेहद जरूरी है. इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार लगातार कोशिश कर रही है.

सीएम योगी ने युवाओं में बढ़ती स्मार्टफोन की लत पर चिंता जताते हुए कहा कि आज तकनीक का सही इस्तेमाल करने के बजाय स्मार्टफोन युवाओं का समय बर्बाद कर रहा है. खेलों से जुड़कर युवा नशे और गलत आदतों से दूर रह सकते हैं.

मुख्यमंत्री ने ऐलान किया कि प्रदेश के युवाओं की ऊर्जा और क्षमता का सही इस्तेमाल करने के लिए सरकार जल्द ही एक नई युवा नीति लेकर आ रही है. खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार हर स्तर पर सुविधाएं मुहैया करा रही है.

### एटीएस ने मेरठ से ...

जांच में उसके मोबाइल से पाकिस्तानी जेहादी वॉट्सएप ग्रुप और सोशल मीडिया पर जेहाद-खिलाफत से जुड़ी गतिविधियों के सबूत मिले हैं।

पूछताछ में जफर ने बताया कि पढ़ाई के दौरान उसने जैश-ए-मोहम्मद के बारे में पढ़ा था। जिहाद और मुजाहिदों की शहादत के बारे में पढ़कर वह प्रभावित हुआ। मौलाना मसूद अजहर के प्रभाव में आकर उसके मन में मुजाहिद बनना चाहता था।

ATS के मुताबिक, पाकिस्तानी हैंडलर के कहने पर जफर ने रकम भेजने का प्रयास किया। इसके बाद उसने बाइनेंस अकाउंट मांगा और संदिग्ध पाकिस्तानी लोगों के संपर्क में रहकर क्रिप्टोकरेंसी यूएसडीटी के रूप में कई बार रकम भेजी। जांच एजेंसी अब उसके संपर्कों, लेनदेन और आतंकी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटा रही है। जैश ए मोहम्मद (JeM) पाकिस्तान का आतंकवादी संगठन है। इसे आतंकी मसूद अजहर ने साल 2000 में बनाया था। इस पर भारत समेत कई देशों में आतंकी हमलों को अंजाम देने के आरोप हैं। जैश का मुख्यालय पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के बहावलपुर में है।

### बांकुरा पहुंची सीजेपी ...

इनकार करने पर परिवार पर हमला किया गया।

रांका ने कहा कि CJP हाफिज को आर्थिक मदद देगी और राज्य भर में स्कूल ठीक करो अभियान शुरू करेगी। CJP ने कहा कि उसका वॉलंटियर, 25 साल का अब्दुल हफीज, 19 जुलाई को देशव्यापी विरोध प्रदर्शन में भाग लेने के बाद दिल्ली से लौटा था।

13 अगस्त को, वह पार्टी के स्कूल ठीक करो अभियान के तहत करिसुंडा वेस्ट पारा प्राइमरी स्कूल गया था, जिसका मकसद सरकारी स्कूलों के इंफ्रास्ट्रक्चर में कमियों को रिकॉर्ड करना था।

इधर, बंगाल में इस घटना से राजनीतिक टकराव बढ़ गया है; पुलिस का कहना है कि उसने 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि BJP ने हमले से किसी भी संबंध से इनकार किया है।

पुलिस के अनुसार, गिरफ़्तारियां रविवार को इंदस पुलिस स्टेशन में पीड़ित की पत्नी हसीना बेगम की शिकायत के बाद की गईं। उन्होंने 5 लोगों के नाम बताए थे और आरोप लगाया था कि हमला 10-15 लोगों ने किया था।

महाराष्ट्र के हिंगोली में कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके के गांव के सरकारी स्कूल में मरम्मत का काम शुरू हो गया है। ये काम दीपके के स्कूल का निरीक्षण कर बुनियादी सुविधाओं की कमी का वीडियो बनाने के दो दिन बाद शुरू हुआ।

### 'ई20 से गाड़ियों ...

गन्ना एक ऐसी फसल है जिसे उगाने में बहुत भारी मात्रा में पानी लगता है। मुख्य आर्थिक सलाहकार का कहना है कि हमें सिर्फ एथेनॉल फैक्ट्रियों में लगने वाले पानी को ही नहीं देखना चाहिए, बल्कि उस गन्ने को उगाने में जो अरबों लीटर भूजल खर्च हो रहा है, उसका हिसाब लगाना भी बेहद जरूरी है। जिस पानी से अन्य जरूरतें पूरी हो सकती थीं, वह गाड़ियों का ईंधन बनाने में बह रहा है।

दूसरी तरफ, सरकार ने एथेनॉल ब्लेंडिंग प्रोग्राम का लगातार बचाव किया है। सरकार का तर्क है कि E20 से विदेशी मुद्रा की भारी बचत हो रही है और किसानों को फसल की बेहतर कीमत मिल रही है। सरकारी टेस्टिंग के आधार पर यह भी कहा गया है कि E20 से वाहनों के इंजन को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचने के प्रमाण नहीं मिले हैं।

साथ ही, सरकार ने देश भर में अलग-अलग तरह के पेट्रोल (E10 और E20) के विकल्प एक साथ उपलब्ध कराने की मांग को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि इससे लॉजिस्टिक्स और सप्लाई चेन का खर्च काफी बढ़ जाएगा।

CEA नागेश्वरन यह नहीं कह रहे कि एथेनॉल योजना को बंद किया जाए, बल्कि 20% के बाद सतर्कता बरती जाए। ऊर्जा सुरक्षा से होने वाले फायदों की तुलना उन अनदेखे नुकसानों से की जानी चाहिए, जो कृषि क्षेत्र और खाद्य अर्थव्यवस्था को सहने पड़ सकते हैं।

यह बहस केवल माइलेज या इंजन की उम्र तक सीमित नहीं है, बल्कि यह इस बात पर निर्भर करती है कि भारत ईंधन उत्पादन के लिए अपनी कितनी जमीन और पानी समर्पित करने को तैयार है।

### आईपीएस की मां की ...

रविवार सुबह करीब नौ बजे घर में काम करने वाली महिला वहां पहुंची। उसे मुख्य दरवाजा बाहर से बंद मिला। दरवाजा खोलकर वह अंदर पहुंची तो इंद्रा देवी अपने तख्त पर नहीं थीं। तलाश करने पर वह घर के अंदर बेड पर पड़ी मिलीं। उनके मुंह में कपड़ा ठूंसा हुआ था। महिला ने इसकी जानकारी पड़ोसी राम नायक को दी। वह मौके पर पहुंचे और उनके मुंह से कपड़ा निकाला।

कुछ ही देर में आसपास के लोग भी वहां जुट गए। घटना की सूचना आशुतोष मिश्र को दी गई। वह दोपहर करीब एक बजे गांव पहुंचे। इसके बाद घर की स्थिति और मां के शरीर पर मौजूद सामान को देखा गया।

### 326 सांसदों, 14...

एफिडेविट मे बताया गया कि तेलंगाना के CM रेवंत रेड्डी पर 89 केस हैं। इसके बाद पश्चिम बंगाल के CM सुवेंदु अधिकारी पर 29 और कर्नाटक के CM डीके शिवकुमार पर 19 मामले हैं।

हाईकोर्ट से जुटाए गए आंकड़ों के मुताबिक, 2025 में 1,243 आपराधिक मामलों का फैसला हुआ।

## हरिहरन-अर्जुन अगले राउंड में पहुंचे

# बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियनशिप भारत की जीत से शुरुआत

**आयोजन**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारत ने जीत के साथ शुरुआत की है। नई दिल्ली में मेंस डबल्स के पहले राउंड में हरिहरन अम्साकरुणन और एमआर अर्जुन की जोड़ी ने आयरलैंड के स्कॉट गिल्डिया और पॉल रेनॉल्ड्स को हरा दिया।




**2026 वर्ल्ड चैंपियनशिप का आयोजन नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में हो रहा है। यह चैंपियनशिप 17 से 23 अगस्त तक चलेगी। भारत ने आखिरी बार 2009 में इस टूर्नामेंट की मेजबानी की थी।**

भारतीय जोड़ी ने पहला गेम 21-16 से अपने नाम किया। दूसरे गेम में भी भारतीय जोड़ी 6-4 से आगे थी, तभी आयरलैंड की जोड़ी ने चोट की वजह से मैच से हटने का फैसला किया। बैडमिंटन में रिटायरमेंट का मतलब है कि खिलाड़ी मैच शुरू होने के बाद उसे बीच में छोड़ देता है। इसका सबसे आम कारण चोट या शारीरिक परेशानी होती है। मांसपेशियों में खिंचाव, जोड़ों में दर्द या ऐसी चोट, जिससे आगे खेलना जोखिम भरा हो, इसके प्रमुख कारण हो सकते हैं।

रिटायरमेंट होने पर विपक्षी खिलाड़ी को विजेता घोषित किया जाता है। यह वॉकओवर या विड्रॉल से अलग होता है, क्योंकि रिटायरमेंट में मैच शुरू हो चुका होता है। टॉप सीड वह खिलाड़ी या जोड़ी होती है जिसे टूर्नामेंट में उसकी रैंकिंग के आधार पर सबसे मजबूत दावेदार माना जाता है। सीडिंग का मकसद मजबूत खिलाड़ियों को शुरुआती दौर में एक-दूसरे के सामने आने से रोकना होता है। वहीं डिफेंडिंग चैंपियन वह खिलाड़ी होता है जिसने पिछली बार टूर्नामेंट जीता हो और इस बार अपने खिताब को बचाने उतरा हो। इसलिए आयुष शेट्टी के सामने शी यू ची का मुकाबला खास है, क्योंकि शी यू ची डिफेंडिंग चैंपियन हैं।


## आयरलैंड की जोड़ी ने मैच छोड़ा

### सिंधु का मुकाबला नोबल के साथ

भारत की ओर से आज कई बड़े खिलाड़ी कोर्ट पर उतरेंगे। पीवी सिंधु महिला सिंगल्स में आयरलैंड की सोफिया नोबल के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगी। सिंधु के नाम वर्ल्ड चैंपियनशिप में 5 मेडल हैं और वह रिकॉर्ड छठा मेडल जीतने के लक्ष्य के साथ उतर रही हैं।

### आयुष शेट्टी के सामने डिफेंडिंग चैंपियन

भारत के आयुष शेट्टी को पहले ही राउंड में बड़ा मुकाबला खेलना है। उनका सामना चीन के टॉप सीड और डिफेंडिंग चैंपियन शी यू ची से होगा। दोनों खिलाड़ियों के बीच अब तक 3 मुकाबले हुए हैं और तीनों में भारतीय खिलाड़ी को हार मिली है।




आयरलैंड की जोड़ी मैच के दौरान चोटिल होने के कारण मैच से हट गई।

## ऋषभ पंत और केएल राहुल जैसे बल्लेबाजों का किया शिकार

### फिर भी खराब लिस्ट में पहुंचा ये श्रीलंकाई क्रिकेटर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

जब कोई खिलाड़ी डेब्यू करता है तो वह सोचता है कि अच्छे से अच्छा प्रदर्शन करे। उसकी कोशिश रहती है कि उसके नाम कोई शर्मनाक रिकॉर्ड न आ जाए। श्रीलंका के केशरा नुवांथा ने भी गॉल में भारत के खिलाफ डेब्यू करते हुए यही सोचा था। उनका डेब्यू भी अच्छा जा रहा था, लेकिन फिर भी उनका नाम उस लिस्ट में आ गया जिसमें वह चाहते नहीं थे। भारतीय टीम ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी की और 462 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम इंडिया के बल्लेबाजों ने श्रीलंकाई खिलाड़ियों की जमकर परीक्षा ली और खूब रन बनाए। अपना टेस्ट डेब्यू कर रहे स्पिनर केशरा ने इस मैच में ऋषभ पंत को आउट किया और केएल राहुल को शतक बनाने से रोका, लेकिन फिर भी उन्होंने रन लुटाए और उस लिस्ट में आ गए जिसमें डेब्यू मैच में कोई भी गेंदबाज नहीं चाहता। केशरा डेब्यू मैच में सबसे ज्यादा रन देने वाले श्रीलंकाई गेंदबाजों की लिस्ट में सीधे चौथे नंबर पर पहुंचे हैं। इस लिस्ट में पहला नाम सूरज रंदीव का है जिन्होंने 2010 में भारत के खिलाफ ही कोलंबो में डेब्यू किया था और 73 ओवरों में 222 रन दे दिए थे और लिए थे सिर्फ दो विकेट। दूसरा नंबर पर थारिंडू रत्नायाके हैं जिन्होंने 2025 में बांग्लादेश के खिलाफ डेब्यू करते हुए 49.2 ओवरों में तीन विकेट खोकर 196 रन दिए थे। तीसरे नंबर पर लेग स्पिनर उपुल चंदना है जिन्होंने साल 1999 में ढाका में पाकिस्तान के खिलाफ डेब्यू करते हुए 47.5 ओवरों में 179 रन दिए थे, लेकिन वह छह विकेट लेने में सफल रहे थे।



# श्रीलंका दौरे पर केएल राहुल ने बताया तैयारी का प्लान

### टीम इंडिया के उपकप्तान बोले-अनुभव का फायदा उठाना और मौकों को भुनाना जरूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

श्रीलंका दौरे पर भारतीय टीम के उपकप्तान केएल राहुल ने अपनी तैयारी और खेल को लेकर सोच साझा की है। BCCI के विशेष इंटरव्यू वीडियो 'Turning Up Ft. KL Rahul' में बातचीत के दौरान राहुल ने बताया कि लंबे समय तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने के बाद अनुभव का सही इस्तेमाल करना और मिले मौकों को भुनाना जरूरी है।

राहुल ने तैयारी, अनुशासन और अपनी प्रक्रिया पर भरोसा रखने को सफलता के लिए अहम बताया। उनका कहना है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में हर परिस्थिति के लिए खुद को तैयार रखना और मैदान पर अपनी भूमिका को समझना जरूरी है। केएल राहुल ने श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट की पहली पारी में 82 रन बनाए। वह पहले दिन 77 रन के स्कोर पर क्रैम्प्स के कारण रिटायर्ड हर्ट हो गए थे। इसके बाद दूसरे दिन वह दोबारा बल्लेबाजी के लिए उतरे और 82 रन तक पहुंचे। राहुल ने 175 गेंदों की पारी में 10 चौके और एक छक्का लगाया। उन्हें केशरा नुवानथा ने शॉर्ट लेग पर कैच कराया। केएल राहुल ने बताया कि बड़े दौरे से पहले तैयारी के साथ सही माइंडसेट रखना भी जरूरी है। लंबे समय तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने के दौरान खिलाड़ी को अपनी क्षमता और तैयारी की प्रक्रिया पर भरोसा रखना पड़ता है। राहुल के मुताबिक, मैदान पर उतरने से पहले की तैयारी काफी मायने रखती है। इसलिए वह बुनियादी चीजों पर फोकस करने और अलग-अलग परिस्थितियों के लिए खुद को तैयार रखने की कोशिश करते हैं।



राहुल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के अपने अनुभव को टीम के लिए इस्तेमाल करने की बात भी कही। श्रीलंका जैसी परिस्थितियों में पिच और हालात को जल्दी समझना और उसके मुताबिक अपने खेल में बदलाव करना महत्वपूर्ण होगा। एक सीनियर खिलाड़ी के तौर पर राहुल की कोशिश अपनी बल्लेबाजी के साथ टीम की जरूरत के मुताबिक योगदान देने की भी है।

## ट्रेंट रॉकेट्स को 5 विकेट से हराया, सीफर्ट के 72 रन, डॉसन ने छक्के से जिताया

# मैनचेस्टर सुपर जायंट्स पहली बार द हंड्रेड चैंपियन



**सीफर्ट और पॉल वॉल्टर ने मैनचेस्टर को तेज शुरुआत दिलाई। इसके बाद कप्तान जोस बटलर ने 14 गेंद में 23 रन बनाए। उन्होंने 3 छक्के लगाए। बटलर के आउट होने के बाद भी सीफर्ट ने रन बनाने की रफ्तार बनाए रखी और टीम को जीत के करीब पहुंचाया।**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

मैनचेस्टर सुपर जायंट्स ने पहली बार 'द हंड्रेड' मेन्स कॉम्पिटिशन का खिताब जीत लिया। लॉर्ड्स में खेले गए फाइनल में टीम ने ट्रेंट रॉकेट्स के 158 रन के टारगेट को 19.3 गेंद में 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया। टिम सीफर्ट ने 38 गेंद में 72 रन की पारी खेलकर जीत की नींव रखी। जबकि लियम डॉसन ने आखिरी गेंदों में छक्का लगाकर टीम को चैंपियन बना दिया।




इससे पहले ट्रेंट रॉकेट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 100 गेंद में 8 विकेट पर 158 रन बनाए। एनेरिन डोनाल्ड ने 19 गेंद में 38 रन की सबसे बड़ी पारी खेली। लुईस ग्रेगरी ने 16 गेंद में 32 रन बनाए, जबकि मिचेल सैंटनर ने नाबाद 20 रन का योगदान दिया।

मैनचेस्टर की ओर से नूर अहमद सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 33 रन देकर 3 विकेट लिए। सोनny बेकर ने 34 रन देकर 2 विकेट लिए। सीफर्ट 33 रन पर आउट होने से बच गए। उन्होंने गेंद को लेग साइड में बाउंड्री की ओर खेला था। फिन एलन ने बाउंड्री के पास कैच लेने की कोशिश की और गेंद को मैदान के अंदर वापस फेंक दिया, लेकिन रीप्ले में उनका पैर बाउंड्री रोप को छूता दिखा। थर्ड अंपायर ने इसे छह रन दिया।

### आखिरी गेंदों में रोमांच, डॉसन ने छक्का लगाकर जिताया

सीफर्ट के आउट होने के बाद मैनचेस्टर का स्कोर 23 गेंद बाकी रहते 136 रन था और जीत के लिए 23 रन चाहिए थे। इसके बाद ट्रेंट रॉकेट्स ने वापसी की कोशिश की। मोहम्मद आमिर ने लगातार गेंदों पर हेनरिक क्लासेन और माइकल ब्रेसवेल को आउट कर दिया।

मैनचेस्टर को आखिरी 3 गेंद में 3 रन चाहिए थे। बेन सैंडरसन की अगली दो गेंदों पर रन नहीं बना। इसके बाद लियाम डॉसन ने तीसरी गेंद पर मिड-विकेट के ऊपर से छक्का लगाकर मैच खत्म कर दिया। मैनचेस्टर ने 19.3 गेंद में 162/5 रन बनाकर 5 विकेट से जीत दर्ज की।

इसके बाद सीफर्ट ने अपनी पारी को आगे बढ़ाते हुए 72 रन बनाए।

### सीफर्ट ने 38 गेंद में 72 रन बनाए

मैनचेस्टर की जीत में न्यूजीलैंड के टिम साइफर्ट सबसे बड़े हीरो रहे। उन्होंने 38 गेंद में 72 रन बनाए। पारी में 7 छक्के और 4 चौके शामिल रहे। साइफर्ट ने सिर्फ 23 गेंद में फिफ्टी पूरी कर ली थी। उन्होंने पॉल वॉल्टर के साथ पहले विकेट के लिए तेज शुरुआत करते हुए टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया।

## मनोरंजन

# गोवा में एक्टर अश्विन मुशरान ने बाइक को टक्कर मारी

### भीड़ ने घेरा, हंगामा हुआ नेता बोले- उनकी पत्नी ने मुझ पर थूका

नई दिल्ली। फैशन और लगे रहो मुन्नाभाई जैसी बड़ी फिल्मों में काम कर चुके एक्टर अश्विन मुशरान का गोवा से एक वीडियो सामने आया है, जिसमें भीड़ ने उन्हें घेर लिया। दावा किया जा रहा है कि एक्टर की कार ने बाइक सवार पिता-बेटे को टक्कर मारी, जिससे वो गंभीर रूप से घायल हो गए। एक्सीडेंट के बाद विवाद खड़ा हुआ। सामने आए वीडियो में एक्टर भीड़ की नाराजगी के बीच बहस करते दिखे। वहां बीच-बचाव करने पहुंचे नेता ने दावा किया है कि एक्टर की पत्नी रेबेका ने उन पर थूका है। बातचीत में एक्टर अश्विन ने कहा है कि मामले को गलत तरह पेश किया जा रहा है, वो जल्द ही इस पर बयान जारी करेंगे।



घटना कथित तौर पर रविवार दोपहर करीब 12:30 बजे मडगांव के कुसमन, क्वेपेम इलाके में हुई। हादसे में बाइक सवार पिता को गंभीर चोटें आई हैं और उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। सामने आए वीडियो में अश्विन मुशरान और उनकी पत्नी रेबेका को स्थानीय लोगों से बहस करते देखा जा सकता है।

एक्टर अश्विन मुशरान ने हादसे के वीडियो पर कहा है, 'ये मामला कुछ और है। मैं इस पर बयान तैयार कर रहा हूं और जल्द ही इसे आपसे शेयर करूंगा।'

घटनास्थल पर मौजूद लोगों के मुताबिक, 54 साल के अश्विन मुशरान गलत दिशा से आ रहे थे। इस दौरान उनकी गाड़ी टू-व्हीलर से टकरा गई। हालांकि, दुर्घटना की असल वजह और पूरा घटनाक्रम अभी साफ नहीं है।

## राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान में फर्क भूले, पंजाब सिंध को कहा पंजाब सिंग, 2 और गड़बड़ की

# जन गण मन हटाओ वंदे मातरम लाओ : मुकेश

नई दिल्ली। शक्तिमान एक्टर मुकेश खन्ना ने हाल ही में राष्ट्रगान जन गण मन को हटाने की मांग की है। उनका कहना है कि इसकी जगह वंदे मातरम को देनी चाहिए। हालांकि ये बयान देते हुए उनसे बड़ी गड़बड़ हो गई। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम को राष्ट्रगीत बनाना चाहिए, जबकि ये पहले से ही राष्ट्रगीत है। इसके अलावा उन्होंने राष्ट्रगान जन गण मन हाते हुए भी गड़बड़ कर दी।

हाल ही में आईएएनएस को दिए बयान में मुकेश खन्ना ने कहा, 'मैं तीन साल पहले बोल चुका हूं कि वंदे मातरम को राष्ट्रगीत बनाओ (ये राष्ट्रगीत ही है)। ये जन मन गण (जन गण मन) हमारे देश का नहीं है। ये जो क्वीन एलिजाबेथ थीं, उनके मान में रवींद्रनाथ टेगौर ने एक स्तुति गान लिखा था, उसको हमने मान लिया, भाग्य विधाता, पंजाब सिंग (सिंध)। अरे ये हमारा नहीं है। हमारा है वंदे मातरम, लता जी (मंगेशकर) ने गाया है।'




### 28 जनवरी को पहली बार आदेश आया

इससे पहले 28 जनवरी को भी सरकार ने सभी राज्यों को यही आदेश दिया था। इसमें मुताबिक सभी स्कूलों में दिन की शुरुआत में राष्ट्रगीत बजाया जाएगा। वंदे मातरम् के समय हर व्यक्ति को खड़ा होना होगा। राष्ट्रगीत के सभी 6 अंतरे गाए जाएंगे। इनकी कुल अवधि 3.10 मिनिट है। पहले दो अंतरे गाए जाते थे।

सिनेमा हॉल को नए नियमों से दूर रखा गया है। यानी सिनेमाघरों में फिल्म शुरू होने से पहले वंदे मातरम बजाना और खड़ा रहना अनिवार्य नहीं होगा। अगर किसी न्यूजरील या डॉक्यूमेंट्री फिल्म के हिस्से के रूप में राष्ट्रगीत बजाया जाता है, तो दर्शकों को उस दौरान खड़ा होना जरूरी नहीं होगा।

**वंदे मातरम एक संस्कृत वाक्यांश है, जिसका मतलब है- हे मां, मैं तुम्हें नमन करता हूं। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान वंदे मातरम भारत को औपनिवेशिक शासन से मुक्त कराने के लिए संघर्ष कर रहे स्वतंत्रता सेनानियों का नारा बन गया था।**



### इमरान हाशमी की फिल्म ने सनी देओल और प्रीति जिंटा की फिल्म से लगभग तीन गुना ज्यादा कमाई की

# तीसरे दिन आवारापन 2 के सामने चारों खाने चित्त दिखी बटवारा1947

**नई दिल्ली, एजेंसी**

'आवारापन 2' (Awarapan 2) और 'बंटवारा 1947' (Batwara 1947) के बीच बॉक्स ऑफिस की टक्कर तीसरे दिन तक एकतरफा हो गई। इमरान हाशमी (Emraan Hashmi) की सीक्वल फिल्म, सनी देओल (Sunny Deol) और प्रीति जिंटा की पीरियड ड्रामा फिल्म से काफी आगे निकल गई है।

दोनों फिल्में 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थीं और उन्हें स्वतंत्रता दिवस की छुट्टी का बड़ा फायदा मिला, लेकिन 'आवारापन 2' ने उस शुरुआती बढ़त को एक बहुत बड़े ओपनिंग वीकेंड में बदल दिया है।

'आवारापन 2' ने शुक्रवार को भारत में 22 करोड़ रुपये नेट की ओपनिंग की। वहीं दूसरे दिन यानी शनिवार को इसकी कमाई में 55% उछाल आया और ये बढ़कर 33.75 करोड़ रुपये हो गई। वहीं अब तीसरे दिन के परिणाम भी सामने आ गए हैं।




**सैकनिल्क के मुताबिक आवारापन 2 ने तीसरे दिन 26.25 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है, जिससे भारत में इसका तीन दिन का नेट कलेक्शन 82.00 करोड़ रुपये हो गया है। सैकनिल्क के लेटेस्ट आंकड़ों के मुताबिक, भारत में इसका ग्रॉस कलेक्शन 98.40 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है।**



### बंटवारा 1947 ने भी छापे नोट

वहीं, बात करें सनी देओल की फिलम की तो 'बंटवारा 1947' ने शुक्रवार को 5.75 करोड़ रुपये की नेट कमाई के साथ शुरुआत की। शनिवार को फिल्म की कमाई में जबरदस्त उछाल आया और इसने 13.50 करोड़ रुपये कमाए, लेकिन रविवार को इसकी कमाई घटकर 7.50 करोड़ रह गई।

# एक्ट्रेस अनन्या राज का 35 साल की उम्र में निधन

### मानसिक और शारीरिक बीमारी से जूझ रही थीं

नई दिल्ली। फिल्म '7 आवर्स टू गो' और 'घोस्ट' फेम एक्ट्रेस अनन्या राज का 35 साल की उम्र में निधन हो गया है। उनके परिजनों ने सोशल मीडिया पर इस खबर की पुष्टि की है।

परिजनों के अनुसार, अनन्या का निधन 15 जुलाई की सुबह नींद में ही हो गया। वे पिछले एक साल से ज्यादा समय से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रही थीं। परिजनों ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करने की अपील की है। अनन्या राज के परिवार ने उनके आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक भावुक बयान जारी कर उनके निधन की जानकारी दी। परिजनों ने लिखा कि वे बहुत भारी दिल से यह बता रहे हैं कि 15 जुलाई को तड़के अनन्या का निधन हो गया। वे नींद में ही शांति से इस दुनिया को अलविदा कह गईं। पोस्ट में लिखा गया कि पिछले एक साल से अधिक समय से वे शारीरिक और मानसिक परेशानी से गुजर रही थीं और उन्होंने एक योद्धा की तरह इसका सामना किया।



## भारतीय अरबपति लक्ष्मी मित्तल के स्टील प्लांट को निशाना बनाया, 2 की मौत

# रूस का यूक्रेन पर मिसाइल हमला

### नुकसान

कीव, एजेंसी

रूस ने शनिवार रात यूक्रेन के क्रिवी रिह शहर में भारतीय अरबपति लक्ष्मी मित्तल की कंपनी आर्सेलर-मित्तल के स्टील प्लांट पर मिसाइल हमला किया। हमले में दो लोगों की मौत हो गई और 13 कर्मचारी व ठेकेदार घायल हुए हैं।

यह यूक्रेन का सबसे बड़ा स्टील प्लांट है। हमले के बाद प्लांट में प्रोडक्शन का कुछ काम रोकना पड़ा। प्लांट की ऊर्जा व्यवस्था और ब्लास्ट फर्नेस से जुड़े अहम हिस्सों को नुकसान पहुंचा है।

हमले के बाद दमकलकर्मी, बचाव दल और मेडिकल टीमें मौके पर पहुंचीं। राहत और बचाव का काम जारी है। यूक्रेनी सेना ने दावा किया कि उसने रूस के रोस्तोव क्षेत्र में मिसाइल ईंधन बनाने वाली एक फैक्ट्री को भी निशाना बनाया। यूक्रेन का क्रिवी रिह स्टील प्लांट पहले सरकारी कंपनी के पास था। 2005 में लक्ष्मी मित्तल की कंपनी मित्तल स्टील ने इसे खरीद लिया। इसके बाद मित्तल स्टील का आर्सेलर के साथ विलय हुआ और 2006 में आर्सेलरमित्तल बनी। तब से यह प्लांट इसी कंपनी का हिस्सा है। लक्ष्मी मित्तल भारतीय मूल के बड़े उद्योग-पतियों में गिने जाते हैं। उनकी कंपनी आर्सेलरमित्तल दुनिया की बड़ी स्टील कंपनियों में शामिल है और कई देशों में कारोबार करती है।



रूस ने शनिवार को यूक्रेन के अलग-अलग शहरों पर हमला किया।



यूक्रेनी ड्रोन हमले के बाद रूस के मॉस्को क्षेत्र के कोलेडिनो में जलते वाइल्डबेरीज वेयरहाउस के सामने से गुजरते लोग।

### जवाब में यूक्रेन का रूस पर ड्रोन अटैक

यूक्रेन ने रूस के मॉस्को क्षेत्र में बड़े पैमाने पर ड्रोन हमला किया। मॉस्को क्षेत्र के गवर्नर आंद्रे वोरोब्योव के मुताबिक, हमले में 83 साल के एक व्यक्ति की मौत हुई और कई लोग घायल हुए। हमले में रूस की बड़ी ऑनलाइन रिटेल कंपनी वाइल्डबेरीज के एक वेयरहाउस में भी आग लग गई। यह जगह मॉस्को से करीब 45 किमी दूर है।

**आर्सेलरमित्तल क्रिवी रिह यूक्रेन की अर्थव्यवस्था के लिए अहम औद्योगिक इकाई है। यह कंपनी दुनिया की बड़ी स्टील कंपनियों में शामिल आर्सेलरमित्तल का हिस्सा है, जिसके चेयरमैन और प्रमुख शेयरधारक भारतीय उद्योगपति लक्ष्मी निवास मित्तल हैं।**





### 2022 में भी हुआ था हमला

इस प्लांट पर रूस पहले भी हमला कर चुका है। 2022 में हुए रूसी मिसाइल हमले में प्लांट की एक रोलिंग मिल नष्ट हो गई थी और एक कर्मचारी की मौत हुई थी।

यहां स्टील बनाने के लिए बड़े ब्लास्ट फर्नेस और दूसरी उत्पादन इकाइयां हैं। रूस के हमले में इन्हीं उत्पादन से जुड़े कुछ अहम हिस्सों को नुकसान पहुंचा है। इसलिए कंपनी ने प्लांट का कुछ काम अस्थायी रूप से रोक दिया है।

## खैबर पख्तूनख्वा में तीन लैंडमाइन धमाके

### खैबर पख्तूनख्वा में तीन लैंडमाइन धमाकों से 9 घायल

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में लैंडमाइन के तीन अलग-अलग धमाकों में 9 लोग घायल हो गए हैं। पुलिस के अनुसार, ये तीनों धमाके रविवार को कुर्रम के दूर-दराज इलाके डंडार सहारा में हुए।

पहली घटना में, हामिद हुसैन नाम के एक मजदूर के दोनों पैर धमाके में उड़ गए। बाद में शाम को उसी इलाके में लैंडमाइन के अलग-अलग धमाकों में दो और लोग घायल हो गए। तीसरी घटना में 6 लोग घायल हुए। पुलिस ने कहा कि इन घटनाओं ने इलाकों में बिना फटे बमों और लैंडमाइन की मौजूदगी को लेकर गंभीर चिंता पैदा कर दी है। पिछले एक हफ्ते के दौरान कुर्रम के अलग-अलग हिस्सों में लैंडमाइन धमाकों और मोर्टार शेल से जुड़ी कई घटनाएं भी सामने आई हैं। ताजा घटनाओं से स्थानीय लोगों में काफी चिंता है। उन्होंने अधिकारियों से मांग की है कि वे आबादी वाले इलाकों से लैंडमाइन और बिना फटे बमों की पहचान करके और उन्हें हटाने के लिए तुरंत आभियान चलाएं, ताकि आगे और लोगों की जान न जाए।



- **पुलिस ने बिना फटे बमों की मौजूदगी पर चिंता जताई।**
- **स्थानीय लोगों ने माइंस हटाने के लिए अभियान की मांग की।**

### फास्ट न्यूज

#### किम जोंग की धमकी के बाद ट्रंप के बदले सुर

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने रविवार को पेंटागन को साउथ कोरिया के साथ होने वाले संयुक्त सैन्य अभ्यास को कम करने का आदेश दिया है। ट्रंप ने इस फैसले के पीछे की वजह ईरान के खिलाफ अमेरिकी प्रयासों में साउथ कोरिया के सहयोग से इनकार और नार्थ कोरिया को अभ्यासों से मिलने वाले 'दुश्मनी भरे संकेत' को बताया है।

#### कुर्दिस्तान के राष्ट्रपति को अमेरिका ने बनाया था मोहरा

वाशिंगटन। मई के मध्य में जब संयुक्त राज्य अमेरिका ने ईरान के साथ सीधी बातचीत शुरू की, तो उसके सामने सबसे बड़ी चुनौती तेहरान के वास्तविक रुख को समझना था। इस स्थिति को स्पष्ट करने के लिए डोनल्ड ट्रंप प्रशासन ने इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के साथ एक गुप्त माध्यम स्थापित किया। इसका मुख्य उद्देश्य पुष्टि करना था कि क्या ईरानी वार्ताकार संसद अध्यक्ष मोहम्मद बागेर गालिबफ और विदेश मंत्री अब्बास अराघची वास्तव में ईरानी सेना के शीर्ष नेतृत्व की सहमति से बातचीत कर रहे हैं।

#### 'गाजा में हर रात 30-40 लोगों को मारना चाहिए'

यरुशलम। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के गठबंधन में एक कट्टरपंथी इजरायली सांसद ने खुलेआम गाजा में हर रात 30 से 40 लोगों को मारने की बात की। राष्ट्रीय सुरक्ष मंत्री इतामार बेन-ग्विर ने यह बयान गाजा में पहले बंधक रह चुके रोम ब्रास्लाव्स्की से ब्रास्लाव्स्की के पॉडकास्ट पर बात करते हुए दिया। दोनों 7 अक्टूबर, 2023 के हमास हमले से इजरायल के उबरने पर बात कर रहे थे।

## सरकार के आर्थिक सलाहकार बोले ई20 से गाड़ियों को नुकसान

### फ्यूल में 30% एथेनॉल मिलाया तो खाद्य संकट संभव

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन (CEA) का कहना है कि E20 पेट्रोल से गाड़ियों में नुकसान हो रहा है। पुराने टू-व्हीलर्स के लिए E10 पेट्रोल की बिक्री फिर से शुरू की जानी चाहिए।

नागेश्वरन ने 'द इंडियन एक्सप्रेस' में लिखे अपने आर्टिकल में कहा कि भारत ने पेट्रोल में एथेनॉल मिलाने का लक्ष्य समय से पहले हासिल करके अरबों रुपए तो बचा लिए, लेकिन अब नया संकट खड़ा हो रहा है। सरकार का दावा है कि पेट्रोल में एथनॉल मिलाने से कच्चे तेल के इम्पोर्ट में कमी आई है। इससे अरबों रुपए की बचत हुई है।

एथेनॉल की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए गन्ना, मक्का और चावल जैसी खाद्य फसलों को बड़े पैमाने पर एथेनॉल फैक्ट्रियों में भेजा जा रहा है। अगर एथेनॉल बनाने वाली कंपनियां ज्यादा दाम देकर मक्का खरीदने लगेंगी, तो पोल्ट्री और डेयरी इंडस्ट्री के लिए चारा महंगा हो जाएगा। नतीजा यह होगा कि अंडे, चिकन और दूध के दाम बढ़ेंगे, जिससे सीधे तौर पर खाद्य महंगाई को बढ़ावा मिलेगा।




वी अनंत नागेश्वरन के मुताबिक देश में इस समय करीब 8 करोड़ पुराने बाइक-स्कूटर दौड़ रहे हैं। ये पुरानी 'कार्बोरेटर' तकनीक पर चलते हैं, जो BS-IV इंजन नियमों के आने से पहले बनती थीं।

सरकार अब पेट्रोल में 20% एथेनॉल मिलाकर बेच रही है। लेकिन पुराने कार्बोरेटर वाली गाड़ियां इस E20 पेट्रोल पर ठीक से चल नहीं पातीं।

## महिला ने ऐसा किया तो इनाम दोगुना, मारने वाला हथियार खरीदकर म्यूजियम में रखेंगे

# अमेरिकी सैनिकों को मारने-पकड़ने पर 28 लाख इनाम : ईरानी सेना

तेहरान, एजेंसी

ईरानी सेना ने ऐलान किया है कि किसी अमेरिकी सैनिक को मारने या पकड़ने वाले व्यक्ति को 30 हजार डॉलर (करीब 28 लाख रुपए) का इनाम दिया जाएगा। अगर यह काम कोई महिला करती है तो इनाम की रकम दोगुनी यानी 60 हजार डॉलर कर दी जाएगी।

ईरानी सेना के कमांडर-इन-चीफ अमीर हातमी ने तेहरान में कहा कि यह योजना कई मांगों के बाद बनाई गई है। यह उन लोगों के लिए है, जो फाइनेंशियल जिहाद के जरिए देश के युद्ध प्रयासों में आर्थिक रूप से मदद करना चाहते हैं।

ईरान ने शनिवार को आरोप लगाया कि कतर ने उसके तीन पायलटों को 2 मार्च से कैद कर रखा है। ईरान के मुताबिक, उस दिन अमेरिका और इजराइल के साथ युद्ध के शुरुआती दिनों में उनके Su-24 विमान कतर की एयर डिफेंस की चपेट में आए थे। पायलट पैराशूट से नीचे उतरे और जिंदा बच गए, लेकिन इसके बाद कतर के अधिकारियों ने उन्हें पकड़ लिया। यह दावा ईरानी सेना में लापता लोगों की तलाश करने वाली समिति के प्रमुख जनरल सैयद मोहम्मद बाघेरजादेह ने रेड क्रॉस को लिखे पत्र में किया है।

बाघेरजादेह ने जिन पायलटों के नाम बताए, उनमें जवाद सालेही, अब्दुलमजीद दश्तियान और उमरान बेहरावेशियन शामिल हैं। उनके मुताबिक एक और पायलट माजिद काजेमी की मौत हो गई थी। ईरान का कहना है कि इससे पहले तक उसे इन तीनों का कोई पता नहीं था।



ईरानी सेना के कमांडर-इन-चीफ अमीर हातमी तेहरान में एक कार्यक्रम में शामिल हुए थे।

### हातमी बोले- अमेरिकी सेना को पीछे हटने पर मजबूर किया

हातमी ने कहा कि इस संघर्ष ने अमेरिका के सैन्य दबदबे को कमजोर किया है। साथ ही कई देशों को अपनी सुरक्षा के लिए दूसरे विकल्प तलाशने पर मजबूर किया है।

हातमी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के उस बयान की भी आलोचना की, जिसमें उन्होंने ईरान की हार के बाद होर्मुज स्ट्रेट को अमेरिका का क्षेत्र घोषित करने की बात कही थी। द यरुशलम पोस्ट के मुताबिक हातमी ने दावा किया कि ईरान ने अमेरिकी सेना को प्रभावी रूप से पीछे हटने पर मजबूर किया है। अब उसे फारस की खाड़ी, ओमान सागर या होर्मुज स्ट्रेट में प्रवेश की अनुमति नहीं है।



**कतर के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माजेद अल-अंसारी ने ईरान के आरोप को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि कतर ने किसी भी ईरानी पायलट को हिरासत में नहीं लिया है। उनके मुताबिक, ईरानी विमानों ने कतर के हवाई क्षेत्र में प्रवेश किया था। कतर ने पायलटों से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन जवाब नहीं मिला। इसके बाद अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत अपनी सीमा की रक्षा के लिए कार्रवाई की गई।**

## व्हाइट हाउस में उनकी जगह लेना मुश्किल लेविट का प्रेस सेक्रेटरी के पद से इस्तीफा

# लेविट को मुझसे ज्यादा अपने बच्चे पसंद : ट्रम्प

लंदन, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपनी प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट के पद छोड़ने पर मजाक किया। उन्होंने कहा, "मुझे पता चला है कि कैरोलिन लेविट मुझे पसंद करने से ज्यादा अपने बच्चों को पसंद करती हैं। मैं इसे लेकर बहुत चिंतित हूं।" ट्रम्प ने साथ ही कहा कि लेविट की जगह लेना आसान नहीं होगा।

लेविट अगस्त के आखिर में व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी की नौकरी छोड़ेंगी। उन्होंने अपने दो छोटे बच्चों के साथ ज्यादा समय बिताने के लिए यह फैसला लिया है।

लेविट ने इसी हफ्ते पद छोड़ने की घोषणा की थी। उन्होंने कहा कि वह अपने परिवार और दो छोटे बच्चों को ज्यादा समय देना चाहती हैं। उन्होंने 1 मई 2026 को अपने दूसरे बच्चे को जन्म दिया था। इसके बाद वह मातृत्व अवकाश पर गई थीं और 16 जुलाई को प्रेस ब्रीफिंग में वापस लौटी थीं।

ट्रम्प ने उनके फैसले का समर्थन किया है। उन्होंने कहा है कि व्हाइट हाउस छोड़ने के बाद भी लेविट उनकी टीम से जुड़ी रहेंगी और बाहरी सलाहकार के तौर पर काम करेंगी।

2022 में न्यू हैम्पशायर से कांग्रेस चुनाव लड़ा, लेकिन हार गईं। 2024 में ट्रम्प के चुनाव अभियान की प्रेस सेक्रेटरी बनीं। जनवरी 2025 में 26 साल की उम्र में व्हाइट हाउस प्रेस सेक्रेटरी बनकर इस पद पर पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की व्यक्ति बनीं।





लेविट ने बच्चे के जन्म के 2 हफ्ते बाद सोशल मीडिया पर उसकी तस्वीर शेयर की थी।

### 26 साल की उम्र में व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी बनीं

कैरोलिन लेविट का जन्म 24 अगस्त 1997 को न्यू हैम्पशायर के एटकिंसन में हुआ। उनका परिवार राजनीति के बजाय छोटे कारोबार से जुड़ा था। पिता यूज्ड ट्रक का कारोबार करते थे और परिवार आइसक्रीम स्टैंड चलाता था।

लेविट ने स्कूल-कॉलेज में सॉफ्टबॉल खेला और कम्युनिकेशन व पॉलिटिकल साइंस की पढ़ाई की। कॉलेज के दौरान फॉक्स न्यूज में इंटर्नशिप की। इसके बाद ट्रम्प के पहले कार्यकाल में व्हाइट हाउस में काम किया और रिपब्लिकन सांसद एलिस स्टेफनिक की कम्युनिकेशन डायरेक्टर बनीं।

### ट्रम्प ने फॉक्स न्यूज रिपोर्टर से पूछा- आप उनकी जगह लेंगी?

लेविट के जाने के बाद अगली प्रेस सेक्रेटरी कौन होगी, इसका अभी ऐलान नहीं हुआ है। फॉक्स न्यूज की रिपोर्टर एलेक्सिस मैकएडम्स ने ट्रम्प से इसी बारे में सवाल किया।

ट्रम्प ने मैकएडम्स की ओर देखकर कहा, "आप?" फिर उन्होंने पूछा, "आप उनकी जगह क्यों नहीं लेतीं?" ट्रम्प ने मैकएडम्स की तारीफ करते हुए कहा कि वह यह काम अच्छी तरह कर सकती हैं। हालांकि, उन्होंने यह साफ नहीं किया कि वह वास्तव में उन्हें अगली प्रेस सेक्रेटरी बनाने पर विचार कर रहे हैं या यह सिर्फ मजाक था।

## स्पेन के स्यूटा में घुसपैठ की कोशिश नाकाम

### 294 प्रवासी और 61 मददगार गिरफ्तार

एपी, एजेंसी

मोरक्को की सुरक्षा बलों ने जमीन और समुद्र के रास्ते स्पेन के इलाके स्यूटा पहुंचने की कोशिश कर रहे सैकड़ों प्रवासियों को गिरफ्तार किया है। यह ताजा कोशिश उस घटना के दो हफ्ते बाद हुई है, जब गरीबी और गलत जानकारी के कारण हजारों प्रवासी स्यूटा की ओर दौड़े थे।

यह इस इलाके के सबसे खतरनाक माइग्रेशन संकटों में से एक था। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, सीमा के दोनों ओर 90 लोगों की मौत हुई।

मोरक्को के सरकारी ब्राडकास्टर मेडी-1 टीवी ने रविवार को बताया कि शनिवार को स्यूटा में घुसने की कोशिश कर रहे सब-सहारा अफ्रीका के 294 प्रवासियों को गिरफ्तार किया गया। प्रवासियों की इस कोशिश में मदद करने के आरोप में 61 मोरक्को के नागरिकों को भी गिरफ्तार किया गया है।



सीमा पार करने की ये कोशिशें इंटरनेट मीडिया पर उन पोस्ट के बढ़ने के बाद हुईं, जिनमें प्रवासियों से मोरक्को के उत्तरी तट पर स्थित स्पेनिश शहर स्यूटा जाने के लिए कहा गया था। इसके जवाब में, मोरक्को और स्पेन के अधिकारियों ने सुरक्षा बढ़ा दी और उस इलाके की ओर लोगों की आवाजाही को सीमित कर दिया। गृह मंत्रालय ने ताजा गिरफ्तारियों या माइग्रेशन की नई कोशिश को रोकने के लिए सीमा पर तैनात सुरक्षा कर्मियों की संख्या के बारे में कोई जवाब नहीं दिया।

### बधाई : बोले- तीनों देश मजबूती से अपनी रक्षा कर सकेंगे, एक पर हमला हुआ तो मिलकर जवाब देंगे

# ट्रम्प ने पाक-सऊदी-तुर्किये के रक्षा समझौते पर खुशी जताई

- **इस समझौते की सबसे बड़ी बात यह है कि पाकिस्तान, सऊदी अरब या तुर्किये में से किसी एक देश पर हमला हुआ तो इसे तीनों देशों पर हमला माना जाएगा। यानी जिस देश पर हमला होगा, उसे बाकी दोनों देशों का साथ मिलेगा।**

लन्दन, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पाकिस्तान, सऊदी अरब और तुर्किये के बीच हुए मक्का संयुक्त रक्षा समझौते का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि इस डील से तीनों देश मिलकर अपनी रक्षा ज्यादा मजबूती से कर सकेंगे।

ट्रम्प ने रविवार को ट्रुथ सोशल पर लिखा, "मुझे बहुत खुशी है कि पाकिस्तान, सऊदी अरब और तुर्किये ने आखिरकार मक्का संयुक्त रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए। इससे पता चलता है कि मिडिल-ईस्ट एकजुट हो रहा है और देश अब ज्यादा मजबूती से अपनी रक्षा कर सकेंगे।" ट्रम्प ने तीनों देशों के नेताओं को बधाई देते हुए डील को "बड़ा, साहसी और अहम पहला कदम" बताया। पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच सैन्य सहयोग करीब 60 साल पुराना है। दोनों देशों ने 7 अगस्त 1967 को पहला औपचारिक रक्षा सहयोग समझौता किया था। इसके तहत पाकिस्तान ने सऊदी सेना को ट्रेनिंग, तकनीकी मदद और सैन्य सलाह देने की जिम्मेदारी ली थी।





### 7 अगस्त को मक्का समझौते पर साइन हुए

इस समझौते पर 7 अगस्त को मक्का में हस्ताक्षर हुए थे। समझौते पर सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान, तुर्किये के राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोगन और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने हस्ताक्षर किए।

एर्दोगन ने कहा है कि आगे दूसरे देश भी इस रक्षा व्यवस्था का हिस्सा बन सकते हैं। उन्होंने खास तौर पर मिस्र के जुड़ने की संभावना बताई है।

डील का मकसद तीनों देशों के बीच सैन्य और सुरक्षा सहयोग बढ़ाना है। यानी किसी एक देश पर हमला होने पर बाकी दोनों देश उसके साथ खड़े होंगे।

# बैंकिंग सुधारों के लिए जल्द बनेगी हाई-लेवल कमेटी

### वित्त मंत्री ने कहा- बैंकों का एनपीए सबसे निचले स्तर पर

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार जल्द ही बैंकिंग सेक्टर में सुधारों के लिए अपनी हाई-लेवल कमेटी का ऐलान करेगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को नई दिल्ली में आयोजित दो दिवसीय PSB कॉन्फ्लुएंस 2026 के पहले दिन यह घोषणा की। वित्त मंत्रालय के एक सूत्र के मुताबिक, इस कमेटी का गठन इसी महीने किया जा सकता है। इस हाई-लेवल कमेटी को गठित करने का प्रस्ताव सबसे पहले केंद्रीय बजट 2026-27 में रखा गया था। वित्त मंत्री सीतारमण ने विकसित भारत के लिए बैंकिंग पर हाई-लेवल कमेटी बनाने के प्लान का ऐलान किया था।

इसका मुख्य मकसद बैंकिंग सेक्टर को देश के आर्थिक विकास के लक्ष्यों के अनुरूप ढालना और समीक्षा करना है। हालांकि, अभी तक इस समिति का औपचारिक रूप से गठन होना बाकी है। वित्त मंत्री ने साफ किया कि यह पैनल 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में बैंकों की भूमिका पर अपना ध्यान केंद्रित करेगा। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान कहा कि कमेटी विकसित भारत की ओर बैंकों की भूमिका की समीक्षा करेगी। साल 2047 अब बहुत दूर नहीं है। वित्त मंत्री ने देश के बैंकिंग सेक्टर में आए सुधारों और एसेट क्वालिटी का जिक्र करते हुए नए बदलावों की जरूरत बताई। सीतारमण ने भरोसा दिया कि समिति की रिपोर्ट सौंपे जाने के बाद सरकार सुझाई गई सिफारिशों को लागू करने में देरी नहीं करेगी।



तमसा संकेत
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड- 224122) से प्रकाशित

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।
मो0- 9415799533
R.N.I. NO. 64107/96